


दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 276/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शुक्रवार 16 मई 2025 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in




## पीएम मोदी बीकानेर में 103 रेलवे स्टेशनों का करेंगे वर्चुअल उद्घाटन

### करणी माता के दर्शन करने जाएंगे



**बीकानेर।** पास स्थित पलाना गांव 22 मई को एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने जा रहा है। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के 103 रेलवे स्टेशनों का सामूहिक रूप से वर्चुअल उद्घाटन करेंगे और कुछ प्रस्तावित स्टेशनों का शिलान्यास भी किया जाएगा। यह कार्यक्रम भारतीय रेलवे के अब तक के सबसे बड़े वर्चुअल लोकार्पण आयोजनों में से एक माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के इस कार्यक्रम के लिए बीकानेर में तैयारियां जोरों पर हैं। इसे लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 17 मई को पलाना पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। जानकारी के अनुसार रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी प्रधानमंत्री के साथ इस दौरे में शामिल हो सकते हैं। इस अवसर पर एक विशाल जनसभा का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें करीब एक लाख लोगों के शामिल होने की संभावना है। गुरुवार को बीकानेर की जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि और पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर ने पलाना पहुंचकर कार्यक्रम स्थल और हेलीपैड के लिए उपयुक्त स्थानों का निरीक्षण किया। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कार्यक्रम की पुष्टि करते हुए कहा कि यह भारतीय रेलवे का एक बड़ा और महत्वपूर्ण आयोजन होगा। हालांकि रेलवे प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक सूचना जारी नहीं की गई है, लेकिन स्थानीय प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासनिक अमला पूरी गंभीरता से जुटा हुआ है और सभी तैयारियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं। खबर ये भी है कि पीएम मोदी करणी माता के दर्शन करने देशनोक भी जाएंगे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी उनके साथ होंगे।

### बीकानेर मंडल के 22 स्टेशनों का हो रहा कायाकल्प

रेल मंत्रालय की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बीकानेर मंडल में डबवाली, गोगामेड़ी और लालगढ़ जैसे रेलवे स्टेशन अत्याधुनिक स्वरूप में तैयार किए जा चुके हैं। जोधपुर मंडल के देशनोक रेलवे स्टेशन का कार्य भी पूर्ण हो चुका है। कुल मिलाकर बीकानेर मंडल के 22 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है, जिनमें यात्री सुविधाओं के साथ-साथ स्टेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी अत्याधुनिक स्वरूप दिया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से दौरे के संकेत मिलने के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। अधिकारियों का कहना है कि तैयारियों को समयबद्ध ढंग से पूरा कर लिया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा न सिर्फ रेलवे विकास को रफ्तार देगा, बल्कि बीकानेर संभाग के लिए भी एक अहम राजनीतिक और विकासात्मक संदेश माना जा रहा है।

## मध्य क्षेत्रीय परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन 24 जून को होगा



**वाराणसी।** गृह मंत्रालय से संचालित मध्य क्षेत्रीय परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन 24 जून को वाराणसी में होगा। होटल ताज में आयोजित इस एक दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता गृहमंत्री अमित शाह करेंगे। सम्मेलन में परिषद के मध्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राज्यों के मुख्यमंत्री और कैबिनेट सचिव भी हिस्सा लेंगे। देश के पांच में क्षेत्रीय परिषदों में प्रमुख मध्य क्षेत्रीय परिषद में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य आते हैं। यह परिषद इन राज्यों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई है। जिसका उद्देश्य राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के बीच समन्वय स्थापित करना है। जिला प्रशासन के मुताबिक यह बैठक बनारस में पहली बार होने जा रही है। इसमें राज्यों के समन्वय को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के साथ कुछ अहम निर्णय भी लिये जा सकते हैं। परिषद के सम्मेलन में चारों राज्यों के मुख्यमंत्री भी आएंगे, जिनकी अगवानी परिषद के उपाध्यक्ष के तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान राज्यों की ओर से सरकारी योजनाओं के अंगीकार करने पर चर्चा होगी। उत्तराखंड में हुई पिछली बैठक बलात्कार, पॉक्सो एक्ट, स्कूल ड्रॉपआउट, महिलाओं और बालिकाओं में कुपोषण, पर्यावरण, और बैंकिंग सुविधाओं जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई थी। 15वें वित्त आयोग के कार्यों का अध्यक्ष खुद बनारस में करेंगे सत्यापन वाराणसी। 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय टीम पांच जून को दो दिवसीय दौरे पर बनारस आ रही है। वे यहां 15वें वित्त आयोग से हुए कार्यों का सत्यापन करेगी। इसके अलावा किसी एक अमृत तालाब, सामुदायिक भवन और हुकुलगंज स्थित ओडीओपी सेंटर का निरीक्षण भी करेगी।

## सांध्यप्रकाश विशेष

### भारत और अफगानिस्तान के रिश्ते में टांग न अड़ाए पाकिस्तानः जयशंकर



**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान को दो टूक कह दिया है कि वो भारत और अफगानिस्तान के रिश्ते में टांग न अड़ाए। इस मामले में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से सीधी बात की। ये पहली बार है जब तालिबान के अफगानिस्तान पर कब्जे के बाद दोनों में ऐसी बात हुई। सूत्रों ने बताया कि ये मीटिंग का टाइमिंग और बातें बहुत अहम थीं। बता दें कि अफगानिस्तान में तालिबान का राज है, लेकिन वहां आईएसआईएस-के, टीटीपी और अल-कायदा जैसे खतरनाक आतंकी ग्रुप भी मौजूद हैं। भारत ने साफ कह दिया कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं होना चाहिए। साथ ही, भारत ये भी चाहता है कि पाकिस्तान का अफगानिस्तान पर जो दबदबा है, वो कम हो। गौरतलब है कि पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के वक्त भारत और अफगानिस्तान के बीच गलतफहमियां पैदा करने की कोशिश की थी। लेकिन, इस बातचीत में दोनों देशों ने वादा किया कि वो पाकिस्तान को अपनी दोस्ती में दरार नहीं डालने देंगे। इतना ही नहीं, अफगानिस्तान अब चीन के करीब जा रहा है, जहां चीनी कंपनियों को खनन के ठेके मिले हैं, और इसमें पाकिस्तान का भी हाथ है। फिर भी, तालिबान ने भारत को भरोसा दिया कि उनकी जमीन से लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे पाकिस्तानी आतंकी ग्रुप भारत के खिलाफ कुछ नहीं कर पाएंगे। दरअसल आपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने ये अफवाह फैलाई कि भारत की मिसाइल अफगानिस्तान में गिरी। अफगानिस्तान ने इसे सिरे से खारिज करते हुए कहा, ये सब झूठ है, ऐसा कुछ हुआ ही नहीं। भारत ने भी पाकिस्तान के इस दावे को बकवास बताया।

### कांग्रेस नेता ने माना-बिखर गया इंडिया गठबंधन, भाजपा सबसे मजबूत पार्टी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के सीनियर नेता और स्पोक पर्सन पी चिदंबरम ने लोकसभा चुनाव 2024 में विपक्ष ने सत्तारुढ़ भाजपा का मुकाबला करने के लिए बनाए गए इंडिया गठबंधन को लेकर बड़ा बयान दिया है। दरअसल, विपक्षी गठबंधन इंडिया को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने ही सवाल उठाया है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि इंडिया गठबंधन अभी भी



बरकरार इसका मुझे यकीन नहीं है। अब उनके इस बयान के बाद सियासी बवाल मचना तय है और निश्चित रूप से भाजपा इसका फायदा लेना चाहेगी। चिदंबरम ने सलमान खुर्शीद और मृत्युंजय सिंह यादव की किताब 'कंटेस्टिंग डेमोक्रेटिक डेफिसिट' के विमोचन के अवसर पर कहा, इंडिया गठबंधन भविष्य उतना उज्ज्वल नहीं है जितना मृत्युंजय सिंह यादव कहते हैं। उनको लगता है कि इंडिया गठबंधन अभी भी बरकरार है। मुझे यकीन नहीं है। उन्होंने कहा कि शायद सलमान खुर्शीद इसका जवाब दे सकते हैं क्योंकि वे इंडिया गठबंधन की वार्ता टीम का हिस्सा थे। उन्होंने आगे कहा कि अगर इंडिया गठबंधन पूरी तरह से बरकरार है, तो मुझे बहुत-बहुत खुशी होगी, लेकिन ये कमजोर लगता है। इसे एक साथ रखा जा सकता है। अभी भी वक्त है। अभी भी कुछ घटनाएं घटित होंगी। चिदंबरम ने कहा कि, अगर आप भाजपा की मजबूत मशीनरी से मुकाबला करना चाहते हैं, तो मेरे अनुभव में, इतिहास को पढ़ने के मेरे अनुभव में, कोई भी राजनीतिक पार्टी इतनी मजबूत तरीके से संगठित नहीं हुई है जितनी बीजेपी है। हर विभाग में, यह मजबूत है।

### समुद्र का पानी मीठा बनाने की देसी तकनीक विकसित करने में डीआरडीओ सफल




**नई दिल्ली।** समुद्र का पानी मीठा बनाने की देसी तकनीक विकसित करने में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सफलता हासिल की है। कानपुर स्थित डीआरडीओ की प्रयोगशाला रक्षा सामग्री भंडार और अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (डीएमएसआरडीई) ने आठ महीने के रिकार्ड समय में स्वदेशी नैनोपोरस मल्टीलेयर्ड पालीमेरिक मेंब्रेन को तैयार कर कमाल कर दिया है। यह तकनीक भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के जहाजों में खारे पानी से नमक हटाने वाले संयंत्र के लिए विकसित की गई है। खारे पानी में क्लोराइड आयनों के संपर्क में आने पर जहाजों के समक्ष आने वाली चुनौतियों का इस तकनीक से समाधान हो सकेगा।

#### तकनीक की विशेषताएं

स्वदेशी तकनीक यह तकनीक पूरी तरह से भारत में विकसित की गई है। नैनोपोरस मल्टीलेयर्ड पालीमेरिक मेंब्रेन-यह मेंब्रेन खारे पानी से नमक और अन्य अशुद्धियों को हटाने में मदद करती है।भारतीय तटरक्षक बल के लिए- यह तकनीक भारतीय तटरक्षक बल के जहाजों में खारे पानी से नमक हटाने वाले संयंत्र के लिए विकसित की गई है। तटीय क्षेत्रों में उपयोग कुछ सुधारों के बाद यह मेंब्रेन तटीय क्षेत्रों में समुद्री जल से नमक हटाने के लिए उपयोगी हो सकती है।आत्मनिर्भर भारत यह तकनीक आत्मनिर्भर भारत की यात्रा में डीएमएसआरडीई का एक महत्वपूर्ण कदम है।

## भुज से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पड़ोसी पाक को दिखाया आईना



**भुज (गुजरात)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को गुजरात के भुज वायु सेना स्टेशन का दौरा किया। इस एयरबेस को पिछले सप्ताह पाकिस्तानी सेना की ओर से निशाना बनाने की कोशिश की गई थी। हालांकि, उनके नापाक मंसूबों पर भारतीय सशस्त्र बलों ने पानी फेर दिया था। राजनाथ की यह यात्रा जम्मू-कश्मीर की यात्रा, नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के एक दिन बाद हुई। भुज में उन्होंने कहा कि हमारे ब्रह्मोस की ताकत पूरी दुनिया ने देख ली है। पाकिस्तान पर हमारी मिसाइल कहर बनकर बरसी है। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहलगाम में मारे गए सभी निर्दोष नागरिकों को और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए हमारे सैनिकों को नमन करता हूं। मैं हमारे घायल सैनिकों के साहस को भी नमन करता हूं और ईश्वर से यह प्रार्थना करता हूं कि वो जल्द से जल्द स्वस्थ हों। हमारे देश की मजबूत भुजा भुज में आप सबके बीच आकर मुझे बड़ा गर्व हो रहा है। यह भुज, 1965 में पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी रहा है।

### परमाणु हथियारों को लेकर पाकिस्तान को दी नसीहत

परमाणु हथियारों को लेकर उन्होंने कहा कि ये सिर्फ भारत के लिए ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए और पाकिस्तान की आम जनता के लिए एक गंभीर खतरे की बात होगी। सारे विश्व और खासकर पाकिस्तान की अवाम को समझना होगा कि वे कितने बड़े खतरे के मुकाम पर बैठे हैं। वे एक ऐसे बारूद की ढेर पर बैठे हैं जिसके चारों ओर माचिस है और आपस में लड़ते हुए लोग हैं। रक्षा मंत्री ने इस हालत में पाकिस्तान की फौज को संदेश देने के लिए बशीर बद्र की एक गजल को सुनाया और कहा, कागज का है लिबास, चिरागों का शहर है, चलना संभल संभल के क्योंकि तुम नशे में हो।




राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के आयोजित दीक्षांत समारोह में मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल कुशाभाऊ ठाकरे हाल में शामिल हुए।

## कांग्रेस कोर्ट का अपमान करने से बाज नहीं आएगी- सीएम मोहन यादव

### भोपाल में मॉक ड्रिल में घायल जवानों को देखने के लिए सीएम मोहन यादव पहुंचे बंसल हॉस्पिटल







**भोपाल।** सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस कितने भी नाटक कर ले, जबकि उसे मालूम है मामला कोर्ट में है। सारा मामला कोर्ट में है। नेता प्रतिपक्ष पर भी केस था, वो उनसे इस्तीफा मांग ले। कोर्ट का जब भी अपमान करने का मौका होगा, कांग्रेस बाज नहीं आएगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगा दी थी। हम तो कोर्ट का सम्मान करते हैं। सिद्धारमैया के खिलाफ कोर्ट ने फैसला दिया, कांग्रेस ने हटाया क्या। भोपाल में पुलिस की मॉक ड्रिल में ग्रेनेड फटने से गंभीर रूप से घायल हुए स्स्र के 2 जवानों को देखने के लिए सीएम मोहन यादव बंसल अस्पताल पहुंचे हैं। जहां उन्होंने घायलों का हालचाल जाना है। डॉक्टरों से ट्रीटमेंट प्रोग्रेस की जानकारी ली। घायल जवानों की हालत अभी स्थिर बताई जा रही है।

### परिजनों से की बात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार की सुबह बंसल हॉस्पिटल पहुंचे और 25वीं बटालियन में मॉकड्रिल के दौरान घायल दो जवानों से भेंट कर उनके स्वास्थ्य और उपचार की जानकारी ली। भोपाल में एसएएफकी 25वीं बटालियन में एक ग्रेनेड ब्लास्ट हुआ था। इसमें 2 पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हुए थे। हैड कॉन्स्टेबल विशाल सिंह और कॉन्स्टेबल संतोष कुमार बुरी तरह जख्मी हुए थे। दोनों को बंसल अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### सुरक्षा की तैयारी को लेकर मॉक ड्रिल

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चल रहा है। हमले की आशंका को देखते हुए ऐसी स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल हो रही थी। प्रैक्टिस के दौरान ग्रेनेड फट गया।

### मामले की जांच के आदेश

पुलिस मुख्यालय ने इस हादसे को बड़ी गंभीरता से लिया है। इस पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। हादसे के बाद बटालियन में सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ा दी गई है।

## हरे-भरे चाय बागानों की अद्भुत सुंदरता मन को आनंदित कर देती: शिवराज







**गुवाहाटी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा,असम के सुरम्य बोकाखाट स्थित हाटीखुली टी एस्टेट का दौरा करने का अवसर मिला। यहाँ के हरे-भरे चाय बागानों की अद्भुत सुंदरता मन को आनंदित कर देती है। चाय बागानों में कार्य करना वास्तव में अत्यंत परिश्रम का कार्य है।

मैंने यहाँ काम करने वाली हमारी बहनों से संवाद किया उनके साथ काम कर के यह समझने की कोशिश कीं कि कैसे उनकी मेहनत, लगन और समर्पण से चाय की हर पत्ती तैयार होती है– जिसकी खुशबू देश और दुनिया भर में फैलती है। इन बहनों की मुस्कान, जीवन की स्थिरता और आर्थिक सशक्तीकरण के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। क्योंकि जब श्रम को सम्मान मिलता है, तभी विकास को गति मिलती है।

# श्रीराम को नौका से गंगा पार करने वाले निषादराज केवट की जयंती मनाई



**भोपाल।** आराध्य और भगवान श्रीराम को नौका से गंगा पार करने वाले निषादराज केवट की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस मौके पर निषादवंशीय समाज की और से मानस भवन में सामूहिक पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। इस जयंती महोत्सव में समाज के सभी लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज की बेटियों के चरण पखारकर किया गया। इस दौरान भगवान जय श्रीराम और केवटराज के जयकारे गूंज उठे। कार्यक्रम के दौरान समाज के पदाधिकारियों ने सामाजिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, वन और पर्यावरण की रक्षा के साथ सामाजिक एकजुटता का संकल्प लिया। इस दौरान समाज के लोगों ने एकजुट होकर कहा कि सभी समस्याओं का समाधन मिलकर करेंगे। इस मौके पर सामूहिक महाआरती और भंडारे का आयोजन किया गया। समाज के सुभाष रायकवार ने बताया कि इस मौके पर माझी, कीर, कहार, केवट, ढीमर, भोई, रायकवार, बाथम सहित सभी घटक शामिल हुए।जयंती महोत्सव में विधायक भगवानदास सबनानी, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी आदि भी मौजूद थे। इस मौके पर उन्होंने पूजा अर्चना की। इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान घोषणा की गई कि भदभदा के सैर सपाटा के पास निषादराज केवट प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यह जानकारी समाज के अध्यक्ष सुभाष रैकवार ने दी और उन्होंने कहा कि अगली केवट जयंती इसी स्थान पर समाज के लोग की ओर से भव्य तरीके से मनाएंगे। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### समाज के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान दसवी और 12वी के मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अश्विनी केवट, सूरज केवट, अंशुल केवट, दीक्षा, रोहन बाथम का सम्मान किया।

# संगिनी फोरम ने शिविर में साइबर अपराध पर लोगों को किया जागरुक





**भोपाल।** संगिनी फोरम द्वारा साइबर अपराध पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। राहुल नरवरिया सब इंस्पेक्टर, मनोज जैन पीएचक्यू डायल 100 साइबर सेल द्वारा साइबर अपराध पर जानकारी दी गई। उनके द्वारा कहा गया अनजान लिंक को कभी आप क्लिक नहीं करें किसी भी प्रकार का कोई फोन आए तो घबराएं नहीं एवं धैर्य से काम लें। बताया गया कि मजबूत पासवर्ड का उपयोग करे, ऑनलाइन व्यक्तिगत जानकारी शेयर न करे, सुरक्षित नेटवर्क का उपयोग करें, अगर क्राइम का शिकार हो तो तुरन्त 1930पर संपर्क करें। एमपी रीजन के पूर्व अध्यक्ष अमर जैन की अध्यक्षता में कार्यक्रम सफल हुआ। के.एल. जैन को ज़ोन कोऑर्डिनेटर और अजय राज जैन को पीआरओ बनाए जाने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संगिनी फोरम की संस्थापक अध्यक्ष माया जैन, पूर्व अध्यक्ष विजया सेठी, सरिता बजाज एवं अन्य बहने उपस्थित थी ।वर्तमान की ज्वलन्त समस्या साइबर-अपराधों पर जानकारी एवं बचने के उपायों पर अत्यंत सार्थक जानकारी प्राप्त हुई। इस अविस्मरणीय कार्यक्रम को आयोजित करने पर सुषमा जी एवं समस्त टीम को हार्दिक हार्दिक बधाई। अध्यक्ष सुषमा जैन गंगवाल ने बताया कि साइबर अपराध के बारे में सेमिनार के जरिए हमें बहुत अच्छी जानकारी प्राप्त हुई। स्वादिष्ट व्यंजन और गेम का आनंद लिया। सुषमा और उनकी पूरी टीम को धन्यवाद दिया।

# भोपाल में डाबर ग्लुकोज़ ने युवा एथलीट्स को बढ़ावा देने के लिए लॉन्च किया एनर्जाइज़ इंडिया कैंपेन



**भोपाल।** डाबर की ओर से इंस्टेन्ट एनर्जी ड्रिंक डाबर ग्लुकोज़ ने युवाओं में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने तथा देश भर की स्पोर्ट्स एकेडमियों के युवा एथलीट्स को एनर्जी एवं स्टैमिना के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए एक कैंपेन 'एनर्जाइज़ इंडिया' का लॉन्च किया है। इस कैंपेन के तहत डाबर ग्लुकोज़ ने भोपाल में आरडी स्पोर्ट्स क्लब फुटबाल एंड क्रिकेट में एनर्जी एवं स्टैमिना मैनेजमेन्ट पर एक विशेष जागरुकता सत्र का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य कोच दीपक कुमार और ऋषि रघुवंशी भी मौजूद रहे। साथ ही दिनेश कुमार डाबर इंडिया ,भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। सत्र के दौरान एथलीट्स को बताया गया कि किस तरह से वे खेल के दौरान अपने परफोर्मेन्स को बेहतर बना सकते हैं और अपनी पूर्ण क्षमता का उपयोग कर सकते हैं। डाबर ने इस एकेडमी के टॉप एथलीट्स कान्हा भाटिया अनुज पंडित , कृष्णा साहू और सचिन गुप्ता को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर बोलते हुए, डाबर इंडिया लिमिटेड के दिनेश कुमार, मार्केटिंग हैड- हेल्थ सप्लीमेंट्स, ने कहा डाबर 100 से अधिक वर्षों से हर भारतीय को सबसे मजबूत प्रतिरक्षा प्राप्त करने में मदद के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल के माध्यम से, हम इन बच्चों को ग्लूकोस प्रदान करने के अलावा प्रतिरक्षा के महत्व को उजागर करके वंचित बच्चों को सुरक्षा प्रदान करने का प्रयास करेंगे।

# पीडब्ल्यू की प्रज्ञा ने एमपी बोर्ड कक्षा 10 में टॉप किया, 248 छात्र 95 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने में सफल

**भोपाल।** एजुकेशन कंपनी फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) के एमपी बोर्ड बाला ने कक्षा 10वीं के मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के परिणामों में



शानदार प्रदर्शन करने वाले अपने छात्रों की सफलता का जश्न मनाया। पीडब्ल्यू के 10 छात्र राज्य के टॉप 10 रैंकर्स में शामिल हैं। इस सूची में शामिल हैं - प्रज्ञा जैस्वाल( रैंक 1 ), आयुष द्विवेदी ( रैंक 2 ), अनुराग कुमार साहू ( रैंक 5 ), सौरभ त्रिपाठी और वैष्णवी शुक्ला ( रैंक 6 ), वेदिका पटेल ( रैंक 7 ), अभिमन द्विवेदी और आयुष प्रजापति ( रैंक 8 ), शुभम तिवारी ( रैंक 9 ), और वेदिका चौरसिया ( रैंक 10 )। ये सभी छात्र पीडब्ल्यू के उड़ान और रूद्र रूक्क बोर्ड वाला बैचों का हिस्सा थे, जो रूक्क बोर्ड के छात्रों को संरचित पढ़ाई और नियमित मूल्यांकन के माध्यम से मदद करते हैं। इसके अलावा, 248 छात्रों ने 95त्न से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। कक्षा 12वीं के परिणामों में भी पीडब्ल्यू के 4 छात्र टॉप 10 में शामिल हुए हैं - हर्ष पांडे ( रैंक 2 ), राधा साहू ( रैंक 8 ), जीवनलाल बाथरे ( रैंक 9 ) और अनामिका पटेल ( रैंक 10 )। फिजिक्सवाला के संस्थापक और शिक्षक, अलख पांडे ने इस अवसर पर कहा, ये परिणाम छात्रों की मेहनत और हमारे शिक्षण केंद्रों की सोच को दर्शाते हैं। हम देशभर के छात्रों को इसी तरह मार्गदर्शन और अनुभवी शिक्षकों की सहायता प्रदान करते रहेंगे।

# आलोक शर्मा ने की एम्स परिसर में हैलीपेड बनाने की मांग

**भोपाल।** सांसद आलोक शर्मा ने भोपाल एम्स परिसर में हैलीपेड बनाने की मांग केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव से की है। गुरुवार को दिल्ली में एम्स की स्टेंडिंग फाइनान्स कमेटी की बैठक में चेयरपर्सन श्रीमती पुण्य सलिला श्रीवास्तव को सांसद शर्मा ने एक पत्र दिया है। जिसमें सांसद शर्मा ने कहा है कि भोपाल स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) अस्पताल मध्यभारत प्रान्त का सबसे बड़ा अस्पताल है एवं एम्स भोपाल मानव आर्गन्स के ट्रांसप्लांट का एक प्रमुख केंद्र भी है। भोपाल एयरपोर्ट से पूरा शहर पार करके एम्स अस्पताल तक पहुंचने में लगभग 30 कि.मी. की दूरी तय करना पड़ती है। साथ ही ग्रीन कोरीडोर बनाने पर भी लगभग आधा घंटा से भी अधिक का समय लगता है। आर्गन्स को ट्रांसप्लांट योग्य बनाए रखने के लिए यह अवधि बहुत अधिक है। इसके लिए सांसद शर्मा ने एम्स परिसर में ही, पीएम गतिशक्ति योजना के अंतर्गत हैलीपेड बनाए जाने का सुझाव दिया है।

## वार्ड 4 में विकास की नई पहल: पांच स्वागत द्वारों का किया भूमि पूजन

# आस्था स्थलों के पास 15 लाख लागत से बन रहे स्वागत द्वार , सुखसागर दरबार से हुई शुरुआत

**संत हिरदाराम नगर।** नगर के धार्मिक स्थलों के पास स्वागत द्वार बनाने की शुरूआत हो गई है। पांच स्वागत द्वार बनाने के काम का भूमिपूजन सुखसागर दरबार के महंत बाबा रामदास उदासीन ने किया। बुनियादी सुविधाओं के साथ वार्ड चार में विकास की यह नई पहल है। एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी ने कहा, धार्मिक स्थलों की पहचान इन स्वागत द्वारों से होगी। लंबे समय यह मंशा थी, अपने पहले कार्यकाल में यह नहीं कर सका, लेकिन अब इसकी शुरूआत हो गई है। उपनगर के सुखसागर दरबार, बेहटा गांव मंदिर, सीआरपी गुरूद्वारा, झूलेलाल मंदिर और गिदवानी पार्क के पास मंदिर के पास 15 लाख रूपये की लागत से स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। जिसकी शुरूआत सुख सागर दरबार से हो रही है। सुख सागर दरबार द्वार सुख सागर दरबार के प्रवेश मार्ग पर बनेगा, जो इस पवित्र स्थान की गरिमा को और बढ़ाएगा। हनुमान मंदिर गिदवानी पार्क के प्रवेश द्वार पर बनने वाला स्वागत द्वार आगंतुकों का स्वागत करेगा और पार्क की सुंदरता को बढ़ाएगा। झूले लाल मंदिर के पास बनने वाला द्वार श्रद्धालुओं के लिए आस्था स्थल प्रवेश द्वार होगा। बेहटा गांव स्थित हनुमान मंदिर के समीप बनने वाला यह द्वार मंदिर की महत्ता को दर्शाएगा और भक्तों का स्वागत करेगा। सीआरपीएफ गुरुद्वारा के पास बनने वाला यह स्वागत द्वार सिख समुदाय के लिए सम्मान और श्रद्धा का प्रतीक होगा। लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि ये स्वागत द्वार न केवल क्षेत्र की सुंदरता



बढ़ाएंगे, बल्कि इन महत्वपूर्ण धार्मिक और सामाजिक स्थलों की पहचान को भी सुदृढ़ करेंगे। इस अवसर पर पार्षद अशोक मारण, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश जनियानी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### नालों की सफाई के लिए चलेगा विशेष अभियान

जलभराव के सवाल पर एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी ने कहा कि बारिश से पहले संतनगर के सभी नालों की सफाई होगी। पानी की निकासी में बाधा बनने वाले अतिक्रमण को हटाया जाएगा। उन्होंने कहा इसे लेकर बीते दिनों महापौर मालती राय ने भी दौरा किया है। महापौर ने इसे लेकर निर्देश भी दिए हैं। निगम अमला पूरे दल बल के साथ प्रेमचंदानी मार्ग, राजेन्द्र नगर, बस स्टैंड, कुम्हार मोहल्ला और साईं नगर के नालों की सफाई के अभियान चलाएगा।

# सेवा सदन द्वारा क्राइम ब्रांच कार्यालय में नेत्र एवं दंत रोग शिविर आयोजित



**संत हिरदाराम नगर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा मध्यप्रदेश पुलिस के क्राइम ब्रांच भोपाल शाखा में नेत्र एवं दंत रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 125 पुलिस कर्मियों के नेत्र, दंत परीक्षण एवं ब्लड शुगर की जांच की गई। इनमें 114 पुरूष, 11 महिला रोगी शामिल थे। स्वास्थ्य परीक्षण में 71 रोगियों को दृष्टि दोष 3 रोगियों को आपरेशन करवाने की सलाह दी गई। जबकि 8 रोगियों को निःशुल्क चश्में वितरित किए गए। ब्लड प्रेशर एवं डायबिटीज परीक्षण में 23 पुलिसकर्मियों की जांच की गई जिसमें डायबिटीज़ के 11 और ब्लड प्रेशर के 12 रोगी पाए गए। जबकि 68 रोगियों को निःषुल्क ड्राप्स प्रदान किए गए। इसी प्रकार 114 व्यक्तियों के दंत रोगों की जांच भी की गई, जिसमें 38 व्यक्तियों को रूट कैनाल, 12 को फिलिंग और 64 को अन्य प्रकार के दंत रोगों की जांच और इलाज करवाने की सलाह दी गई। शिविर का शुभारंभ क्राइम ब्रांच भोपाल के डीसीपी अखिल पटेल, एडीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान, थाना प्रभारी अशोक मरावी, निरीक्षक शिल्पा कौर ने किया।

## जन-समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण एवं विकास कार्यों को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के दिए निर्देश: राज्य मंत्री

**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास तथा डिंडोरी जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने 14 और 15 मई को डिंडोरी जिले का दौरा किया। प्रभारी मंत्री का दो दिवसीय दौरा जिले में विकास की प्रगति के मूल्यांकन और जन-कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर केन्द्रित रहा। इस दौरान उन्होंने अनेक शासकीय कार्यक्रमों में भाग लिया, विभागीय समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता की और विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। राज्य मंत्री श्रीमती बागरी ने डिंडोरी में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभागीय योजनाओं और विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और अधिकारियों को कार्य में पारदर्शिता व गति लाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सुश्री नेहा मरव्या, पुलिस अधीक्षक श्री वह्नि सिंह, स्थानीय विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रुद्रेश परस्ते, जिलाध्यक्ष श्री चमरू सिंह नेताम सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। राज्य मंत्री श्रीमती बागरी ने तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य से जुड़ी आदिवासी महिलाओं से भेंट की और उनकी समस्याएँ सुनीं। उन्होंने समस्याओं के त्वरित समाधान के लिये कलेक्टर एवं वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। राज्य मंत्री श्रीमती बागरी ने अमरपुर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर 256 नव-विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान कर प्रति जोड़े 49 हजार रूपये के चेक वितरित किए।

# एमएसएमई इकाइयों को सक्षम बनाने के लिए ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग विषय पर कार्यशाला हुई

**भोपाल ।** एमएसएमई इकाईयों को सपोर्ट करने के लिए ट्रेड्स यानि टीआरईडीएस प्लेटफार्म पर राज्य शासन के विभागों एवं सार्वजनिक उपक्रमों को खरीददारों के रूप में आन-बोर्डिंग के लिए गुरूवार को पंचानन भवन में संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। भारत सरकार द्वारा स्थापित ट्रेड रिसीवेबल्स डिसकाउंटिंग सिस्टम स्थापित किया गया है। यह सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को व्यापार प्राप्तियों के लिए वित्त पोषण जैसी सुविधा देने वाला मंच है। कार्यशाला में सभी विभागों और सार्वजनिक उपक्रमों के अधिकारी उपस्थित थे।

एक दिवसीय कार्यशाला में बताया गया कि भारत सरकार की अधिसूचना के अंतर्गत पंजीकृत सभी कंपनिया, जिनका कारोबार 250 करोड़ रूपये से अधिक है और सभी केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा स्थापित ट्रेड्स प्लेटफार्म पर आन-बोर्ड अथवा पंजीयन करवाने के निर्देश दिए गए है। विभागों तथा सार्वजनिक उपक्रमों को इस प्लेटफार्म से जोड़ने का उद्देश्य एमएसएमई तथा स्टार्ट-अप्स को उनके देयकों का समय पर भुगतान करना है जिससे उनकी नकद तरलता बनी रहे।

ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बिल डिस्काउंटिंग के माध्यम से उनके द्वारा प्रदाय की गयी वस्तुओं और सेवाओं के लिए तत्काल भुगतान की सुविधा देता है, जो कार्यशील पूंजी के प्रवाह को सक्षम बनाता है। जब कोई विक्रेता ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम प्लेटफॉर्म पर इनवॉइस अपलोड करता है, तो यह स्वीकृति के लिए खरीदार के पास जाता है। जब यह इनवॉइस किसी खरीदार द्वारा स्वीकृत कर ली जाती है, तो ये इनवॉइस नीलामी में जाता है तथा वित्तीय संस्थान विभिन्न छूट की दरों को उद्धृत कर सकता है।

अगले कार्य दिवस में राशि विक्रेता को प्रदाय कर दी जाएगी। इसके बाद खरीदार फाइनेंसर को भुगतान करेगा।

## सारंगपुर में गूंजा वंदेमातरम, भव्य तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

# सारंगपुर में सेना के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा, मंत्री टेटवाल ने किया पूर्व सैनिकों का सम्मान



**भोपाल।** भारतीय सेना के सम्मान में राजगढ़ के सारंगपुर विधानसभा में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमे देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हजारों नागरिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा गांधी चौक से शुरू होकर विभिन्न मार्गो से होती हुई बस स्टैंड पहुची। जहां भारत माता की आरती के साथ यात्रा का विश्राम हुआ।

तिरंगा यात्रा दोपहर 3 बजे गांधी चौक से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई बस स्टैंड पहुची। मार्ग में जगह जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। वही यात्रा में भारतीय सेवा के पूर्व सैनिक भी शामिल हुए जिन्हें देख हर तरफ भारत माता की जय, वंदे मातरम,, और जय हिंद के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

### यात्रा में सर्वधर्म समभाव आया नजर

भारतीय सेना के सम्मान में आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा में सर्व समाज के लोगों से हिस्सा लिया। इसमें सामाजिक संगठन, मंडल, समितियों और वर्ग के लोगों ने एकता का संदेश देते हुए राष्ट्र के प्रति अपनी अटूट निष्ठा का परिचय दिया। साथ ही यात्रा में युवाओं, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित सभी ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। यात्रा में भारत माता की झांकी, परंपरागत वेशभूषा में सजे युवाओं की टोली और बैंड खास आकर्षण का केन्द्र रहे।

### पुष्प वर्षा के साथ हुआ यात्रा एवं पूर्व सैनिकों का स्वागत, देशभक्ति में झूमा सारंगपुर

### भारतीय सैनिकों पर भारत करता है गौरव- मंत्री श्री टेटवाल

तिरंगा यात्रा में मध्यप्रदेश सरकार के राज्य मंत्री श्री गौतम टेटवाल ने यात्रा की शुरुआत की। भारत माता की आरती से पहले मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि हमारे जवान सीमा पर खड़े होकर दिन रात देश की सेवा कर रहे हैं। उनका उत्साहवर्धन करना हम सबका नैतिक कर्तव्य है। आज सारंगपुर के नागरिकों ने एकता और देशप्रेम का जो उदाहरण प्रस्तुत किया है वह प्रेरणादायक है। भारत एक पूण्य भूमि है। जहां वीरों ने जन्म लिया। भारतीय वीर नारियों की गाथा संपूर्ण देश में विख्यात है। यह हमारा गौरव है कि इस धरती पर उन वीरांगनाओं ने जन्म लिया, जिनका गौरवशाली गाथा इतिहास में अमर है। आज केवल सारंगपुर ही नहीं बल्कि पूरा देश सेना के जवानों पर गौरवान्वित महसूस करता है।

### यात्रा में प्रशासन और स्वयंसेवकों का रहा बेहतर समन्वय

यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। नगर प्रशासन, पुलिस विभाग, और विभिन्न सामाजिक संगठनों के स्वयं सेवकों ने मिलकर व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा।


### राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बना सारंगपुर

भव्य तिरंगा यात्रा के बाद मंत्री श्री टेटवाल ने सभी का अभिवादन करते हुए कहा कि आज सारंगपुर राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बन गया है। यह सारंगपुर के लिए गौरव की बात है, आज यहां की जनता ने यह स्पष्ट कर दिया कि देश की रक्षा में लगे सैनिकों के लिए जनता के दिलों में कितना सम्मान है। आज यह यात्रा सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और राष्ट्रप्रेम का जीवंत उदाहरण बन गई है।

सांध्यप्रकाश विशेष

## कार्यपालिका और न्यायपालिका में टकराव?

• राष्ट्रपति ने सर्वोच्च न्यायालय से 14 सवालों पर रेफरेंस भेजा, सलाह मांगी



त्वरित टिप्पणी
जी. के. छिब्बर

कार्यपालिका और न्यायपालिका का टकराव कोई नया नही है राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग कानून निरस्त करना कोलीजियम को बनाए रखना ओर सावेंधनिक पदो पर नियुक्ति में न्यायपालिका के सदस्य रखना आदि अनेक विवाद है जिससे कार्यपालिका असहज हो चुकी है लेकिन जब 8 अप्रेल 25 को सुप्रीम कोर्ट की 2 न्यायाधीशों की पीठ न्यायामूर्ति जे बी परदीवाला एवम न्यायामूर्ति आर महादेवन ने तमिलनाड के राज्यपाल द्वारा विधेयक रोके जाने की याचिका पर जो निर्णय दिया उस पर सवाल उठ गए और कहा गया की न्यायपालिका की सामान्य पीठ सावेंधनिक मामला निर्धारित नहीं कर सकती राज्यपाल और राष्टपति को सीमा तय नहीं कर सकती उन्हे निर्देश नहीं दे सकती न्यायपालिका का कार्य कानून बनाना नही है इसीलिए लगता है भारत के राष्ट्रपति ने 14 महत्वपूर्ण मुद्दे सुप्रीम कोर्ट भेजकर संविधान के अनुच्छेद 143(1) के अंतर्गत विधिसम्मत सलाह मांगी है। भारत के संविधान में कार्यपालिका न्यायपालिका और विधायिका की शक्तियां का विभाजन है संसद कानूनों का निर्माण करती है कार्यपालिका उसका निष्पादन करती है और न्यायपालिका विवादो का निराकरण करती है लेकिन संसद के बनाए कानून की वैधानिकता की समीक्षा भी कर सकती है परन्तु संविधान के आधारभूत ढांचे में परिवर्तन नहीं कर सकती कानून निर्माण नहीं कर सकती यही मुख्य 14 संदर्भ की भुमिका है जिसका उत्तर न्यूनतम पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ही करेगी।

## मुख्यमंत्री ने किया तिरंगा यात्रा को संबोधित

# ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया ने देखा नया शक्ति संपन्न भारत : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बदलते दौर के भारत ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया के सामने हमारी सेनाओं के साहस और शौर्य के प्रमाण दे दिए हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि आपरेशन सिंदूर रूकेगा नहीं, हमारे घर के किसी भी कोने में कोई भी आतंकवादी गतिविधि करेगा तो भारत उसे घर में घुसकर मारेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार की शाम भोपाल के रोशनपुरा चौराहे से प्रारंभ हुई तिरंगा यात्रा में शामिल होने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विभिन्न धर्मगुरू, वरिष्ठ सांसद वीडी शर्मा, सांसद आलोक शर्मा, श्री महेंद्र सिंह जी, मंत्री श्री विश्वास सारंग, भोपाल की महापौर मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी के अलावा राहुल कोठारी, सुमित पचौरी, रविंद्र यति और अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। हाथों में तिरंगा लिए अनेक समुदायों के प्रतिनिधि, आम नागरिक बड़ी संख्या में तिरंगा यात्रा में उत्साह से शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कोई भी ताकत भारत को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती।

लोकतंत्र मजबूत हो रहा है। हम सब सेना को सम्मान देने के लिए इस यात्रा में एकत्रित हुए हैं। ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया ने हमारे हथियार भी देखे, हमारी एकजुटता भी देखी, हमारे देश का पराक्रम भी देखा और पुरूषार्थ भी देखा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज हम सब पूरा देश आनंदित है। लगातार तिरंगा यात्राओं के माध्यम से पूरी दुनिया में संदेश जा रहा है। हमारे लिए सौभाग्य का क्षण है। भोपाल देश का दिल है। हमारे राफेल ने कमाल कर दिया। भारतीय सेना ने ऐतिहासिक शौर्य का प्रदर्शन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत का आजादी के बाद यह चौथा युद्ध था। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में तीनों सेनाओं ने मिलकर जिस प्रकार का योगदान देकर आजादी के बाद चौथे युद्ध में 4 दिन में पाकिस्तान को धूल चटाने का काम किया, वह अभूतपूर्व है। हमारे देश की सेना ने ऐसा कार्य किया है, जो न भूतो न भविष्यति। पलक झपकने से पहले ही ब्रह्मोस मिसाइल ने एक के बाद एक बड़े-बड़े एयर बेज को ध्वस्त कर दिया। पाकिस्तान को समझ में ही नहीं आया कि वह करे क्या। हमने देखा रात के 11-30 बजे जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री अपने राष्टपति से बात करने गए तो उनकी आवाज नहीं निकल रही थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के शब्दों में कोई हमें छेड़ो मत और अगर छेड़ोगे तो हम छोड़ेंगे नहीं। यह बदलते दौर का भारत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुश्मनों को जवाब देने में हमारी सेना पूरी तरह सक्षम है और हम कहीं से भी ढूंढकर दुश्मन को मार गिराएंगे। भारत दुश्मन को घर में घुसकर मारेगा। भारत का ऑपरेशन सिंदूर स्ट्राइक के रूप में मशहूर हो गया है। सांसद श्री वीडी शर्मा ने कहा कि तीनों सेनाओं ने आतंकवादियों का खात्मा किया।



## लाड़ली बहना योजना के दो साल हुए पूरे, अब तक मिला 28 हजार करोड़ रुपए से अधिक का लाभ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के गरीब, किसान (अन्नदाता), युवा और नारी कल्याण के लिए संकल्पित है। भगवान श्रीराम की संस्कृति को मानते हुए सरकार अपने सभी वचन (संकल्प) पूर्ण कर रही है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के दो साल पूरे हो गये है। गुरूवार को प्रदेश की सवा करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को योजना की 24वीं किश्त जारी की गई है। हर महीने बहनों को 1250 रुपए राशि भेजकर हर माह रक्षाबंधन मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे देश में नारियों के सम्मान की परम्परा अनादि काल से है। हमने जो वादा बहनों से किया था उसे लगातार निभा रहें है। हम भगवान श्रीराम की संस्कृति को मानने वाले हैं जो वचन देते हैं उसे प्राण देकर भी निभाते हैं। लाड़ली बहना को सम्मान देकर पूरा प्रदेश गौरवान्वित होता है। प्रदेश की लाड़ली बहनों को अब तक 28 हजार करोड़ से अधिक का लाभ मिल चुका है। सरकार के द्वार बहनों के लिए सदैव खुले हैं। उन्होंने कहा कि बहन-बेटियों के खातों में पैसे पहुंचते हैं तो घर में लक्ष्मी बनी रहती है।

## क्षेत्र के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं रहेगी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार गरीब और जनजातीय भाइयों के विकास के लिए कृत संकल्पित है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमने हर आदमी का जीवन बेहतर करने का प्रयास किया है। विन्ध्य से मेरा आत्मीय नाता है। इस क्षेत्र के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीधी जिले के धौहनी विधानसभा क्षेत्र में मझौली में आयोजित विशाल जनजातीय सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धौहनी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खेती और किसान को समृद्ध करने के लिए हमारी सरकार ने पिछले 20 सालों में प्रदेश में सिंचाई का रकबा 7 लाख हैक्टेयर से बढ़ा कर 65 लाख हैक्टेयर कर दिया गया है। इसे अगले 4 सालों में 1 लाख हैक्टेयर तक बढ़ाया जायेगा। सरकार सोलर पम्प योजना से किसानों को बिजली के बिल से राहत देने का प्रयास कर रही है। सोलर सयंत्र लगाने पर किसान को मुफ्त मे बिजली मिलेगी तथा अतिरिक्त बिजली बेचकर आमदनी भी होगी। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 10वीं में टॉप करने वाली क्षेत्र की बेटी प्रज्ञा जायसवाल एवं प्रदेश में 12वीं मैरिट मे आने वाली बेटी को 1-1 लाख रूपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में शामिल लोक कलाकारों को 10 -10 हजार रूपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिन्दूर में दुनिया को अपनी ताकत दिखा दी है। उन्होंने कहा कि जो हमारी ओर आँख उठाएगा, उसको हमारी सेना करारा जबाव देगी। विन्ध्य के थल सेना अध्यक्ष और नौसेना अध्यक्ष के नेतृत्व में ऑपरेशन सिन्दूर पूरी तरह से सफल हुआ।

## जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच निरंतर संवाद आवश्यक : उप मुख्यमंत्री देवड़ा

जिला योजना समिति में दिये निर्देश



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री एवं जबलपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि लोगों की समस्या के निराकरण और विकास की योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिये जन प्रतिनिधियों और सबंधित विभागों के अधिकारियों के बीच निरन्तर संवाद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आम जनता से जुड़ी समस्या का निराकरण तत्परता से किया जाएं। जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों का समय-सीमा तय कर समाधान करें। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा गुरूवार को जबलपुर में जिला योजना समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने बैठक में जल जीवन मिशन एवं अमृत 2.0 सहित जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के कार्यों की समीक्षा की तथा सिविल डिफेंस प्लान के क्रियान्वयन पर योजना समिति के सदस्यों के साथ विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसी भी मुद्दे का निराकरण अगर जिला स्तर पर संभव नहीं है, तो तत्काल उनके संज्ञान में लाया जाएं जिससे शासन स्तर पर उसे निराकृत करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था, शहर में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था में सुधार, यात्री बसों के शहर में प्रवेश पर लगे प्रतिबंध का कड़ाई से पालन कराने और अतिक्रमण जैसे मुद्दों पर भी बैठक में विचार विमर्श हुआ। इस के साथ ही नवनिर्मित राँझी में स्टेडियम का नामकरण पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. ईश्वरदास रोहाणी खेल परिसर के नाम पर करने तथा पनागर जनपद पंचायत के ग्राम खिरियाकला के शासकीय हाई स्कूल का नाम इस स्कूल के लिये जमीन दान करने वाली श्रीमती राधिका पटेल एवं श्रीमती लक्ष्मी पटेल के नाम करने के प्रस्ताव का अनुमोदन भी बैठक में किया गया। बैठक में राज्य सभा सदस्य श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद श्री आशीष दुबे एवं विधायकगण मौजूद थे।

## नेशनल लोक अदालत में 14 हजार से अधिक बिजली प्रकरणों में दी गई 4 करोड़ की छूट

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि गत दिनों आयोजित नेशनल लोक अदालत में बिजली से संबंधित 14 हजार 864 प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण कर 4 करोड़ रुपये से अधिक की छूट दी गयी है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी क्षेत्र में 7 हजार 227 प्रकरणों का निराकरण करते हुए विद्युत उपभोक्ताओं को एक करोड़ 66 लाख 27 हजार रुपये की छूट प्रदान की गयी है। कम्पनी के खाते में 9 करोड़ 76 लाख रुपये का राजस्व भी जमा कराया गया। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी क्षेत्र में 5 हजार 363 प्रकरण निराकृत हुए हैं। इनमें बिजली उपभोक्ताओं को एक करोड़ 46 लाख रुपये की छूट दी गयी है। कम्पनी को लगभग 8 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। इसी तरह पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के जिलों में 2 हजार 274 प्रकरणों का निराकरण कर करीब 98 लाख रुपये की छूट बिजली उपभोक्ताओं को दी गयी है। कम्पनी को लगभग 4 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। मंत्री श्री तोमर ने बताया है कि कम्पनियों द्वारा वितरण केन्द्र स्तर तक लोक अदालत के लिए प्रभावी तैयारी की गई थी। लोक अदालत में विद्युत अधिनियम-2003 की धारा-135 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में समझौता किया गया। प्री लिटिगेशन के माध्यम से निराकरण के लिए निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट प्रदान की गई। प्री लिटिगेशन स्तर सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट मिली।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशानुरूप आनंद की अनुभूति और हर्षोल्लास से करेंगे श्रद्धालुओं का स्वागत

### सिंहस्थ की आनंदमयी तैयारियों के लिए भोपाल में अधिकारियों का प्रशिक्षण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप सिंहस्थ-2028 के अवसर पर माँ क्षिप्रा के पावन स्नान के लिये उज्जैन पधारने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के आनंदमयी महाकुंभ स्नान के लिये अधिकारियों का त्रि-दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का गुरूवार को समापन हुआ।

इस अवसर पर राज्य आनंद संस्थान भोपाल निदेशक श्री सत्यप्रकाश आर्य ने कहा कि आप अपने काम पर गर्व करें और जिंदगी को गरिमामयी बनाकर जीवन को आनंद के साथ जिये। उन्होंने नैतिक मुल्यों पर आधरित जीवन यापन में और प्रशासनिक क्षेत्र में बेहतर माहौल और समन्वय बनाय रखने की बात कहीं। निदेशक श्री आर्य प्रशासन अकादमी में आयोजित त्रि-दिवसीय प्रशिक्षिण सत्र में उज्जैन संभाग के अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। राज्य आनंद सास्थान के निदेशक श्री आर्य ने कहा कि हमें अपने सारे काम विवेक के साथ करना है, परंतु उसके साथ आनंद का समावेश होना भी बहुत जरूरी है। ऐसे कार्य जिसमें आनंद न हो, उसे आनंद मूल्य की परिधी में नहीं रखा जा सकता। काम ऐसा करें दूसरों के लिये प्रेरणादायी हो।

**मौन से बड़ा कौन:** प्रशिक्षण सत्र में मौन के महत्व के महत्व पर विचार रखते हुए वक्ताओं ने आत्म शांति के लिये मौन के महत्व को बताया। प्रातः 7 बजे से योगाभ्यास से प्रारंभ प्रशिक्षण में गुरूवार को सत्र के अंतिम दिन 7:30 बजे से 11 बजे तक मौन रखा गया।

## 30 तंग बस्तियों में 13 सौ से अधिक का स्वास्थ्य परीक्षण, 148 आभा आई डी, 55 के बने आयुष्मान कार्ड





**भोपाल।** भोपाल में 15 मई को 30 तंग बस्तियों में शिविर लगाए गए। दो सप्ताह पूर्व जिन तंग बस्तियों में शिविर लगाए गए थे, वहां पर फॉलोअप जांच के लिए पुनः शिविर आयोजित हुए। इस बार शहरी क्षेत्र की सीमा से सटे ग्रामीण इलाकों की तंग बस्तियों में भी शिविर आयोजित किए गए। कामकाजी महिलाओं की सुविधा के अनुरूप दोपहर 3 बजे से लगाए गए शिविरों में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। शिविरों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। शिविरों में स्त्री एवं प्रसूति रोग, टीकाकरण, हाई रिस्क चिन्हांकन, पोषण परामर्श सेवाएं दी गईं। एनीमिया प्रबंधन के लिए आयरन फोलिक एसिड गोलियां देकर उनके सेवन की विधि बताई गई। शिविरों में 790 की उच्च रक्तचाप की जांच में 83 का रक्तचाप बढ़ा हुआ मिला है। 743 की मधुमेह जांच में 52 लोगों में शर्करा बड़ी हुई पाई गई है। इन सभी को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से टैग कर चिकित्सकीय परामर्श अनुसार उपचार प्रारम्भ किया जायेगा।। शिविरों में 148 आभा आईडी एवं 55 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। 144 गर्भवती महिलाओं की जांच भी की गई एवं 54 बच्चों का टीकाकरण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने कहा कि कामकाजी एवं श्रमिक वर्ग की महिलाएं कई बार कार्य की व्यस्तता के कारण अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज़ कर देती हैं। शिविरों को विशेष तौर पर इन्हीं महिलाओं को केंद्र बिंदु में रखकर आयोजित किया जा रहा है। 15 मई को घरों में काम करने वाली कामकाजी दीदियों एवं महिला श्रमिकों के लिए लगाए गए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों में 1317 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके पूर्व 1 मई को अंतर्राष्टीय मजदूर दिवस के अवसर 21 स्थानों पर शिविर लगाए गए थे। जिसमें एक हजार से अधिक हितग्राही लाभान्वित हुए थे।

## भोपाल में 8 निरीक्षकों के किए गए तबादले

| क्र | पदनाम | वर्तमान पदस्थापना | नवीन पदस्थापना |
|---|---|---|---|
| 1 | का0निरी-अनुरागलाल | थाना प्रभारी पिपलानी | अपराध शाखा |
| 2 | का0निरी-चंद्रिका यादव | रक्षित केन्द्र भोपाल | थाना प्रभारी पिपलानी |
| 3 | निरी-सुनील कुमार शर्मा | रक्षित केन्द्र भोपाल | थाना प्रभारी श्यामलाहिल्स |
| 4 | निरी-सुधीर कुमार अरजरिया | थाना प्रभारी टीटीनगर | रक्षित केन्द्र भोपाल |
| 5 | का0निरी-मानसिंह चौधरी | रक्षित केन्द्र भोपाल | थाना प्रभारी टीटीनगर |
| 6 | निरी-बृजेन्द्र मर्सकोले | रक्षित केन्द्र भोपाल | थाना प्रभारी गांधीनगर |
| 7 | का0निरी-महेश लिल्हारे | थाना प्रभारी अयोध्यानगर | अपराध शाखा |
| 8 | निरी-संदीप पवार | रक्षित केन्द्र भोपाल | थाना प्रभारी अयोध्यानगर |

**भोपाल।** टी टी नगर, अयोध्या नगर, गांधीनगर, पिपलानी, श्यामला हिल्स में नए थाना प्रभारी पदस्थ पुलिस कमिश्नर कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार टी टी नगर, अयोध्या नगर, गांधीनगर, पिपलानी, श्यामला हिल्स में नए थाना प्रभारी पदस्थ किए गए हैं।

## भोपाल में प्रशासन की सख्त कार्यवाही, 8 एकड़ बेशकीमती शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई

**भोपाल।** अवैध कॉलोनियों और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान के तहत 8 एकड़ बेशकीमती शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। कलेक्टरकौशलेन्द्र विक्रम सिंह के निर्देश पर राजस्व विभाग, पुलिस, नगर निगम एवं जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा तहसील हुजूर क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई जारी है। राजस्व विभाग, पुलिस, नगर निगम एवं जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। गुरुवार को की गई कार्रवाई में मिलेनियम कॉलेज द्वारा शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। ग्राम छावनी पठार में 3 एकड़ बेशकीमती शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इसके साथ ही ग्रीनवुड फार्म नामक अवैध कॉलोनी के निर्माण कार्य को ध्वस्त किया गया। इसी क्रम में मयूरी गार्डन (बरखेड़ा नाथू) और रॉयल रिसोर्ट में हो रहे अवैध निर्माणों को तोड़ा गया। साथ ही ग्राम कोड़िया में 5 एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। एक शासकीय विज्ञप्ति में कहा गया है कि जिला प्रशासन द्वारा अवैध कॉलोनियों और शासकीय भूमि पर कब्जा करने जैसे गैरकानूनी कार्य किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। ऐसे सभी अतिक्रमणों के विरुद्ध कठोर और निरंतर कार्रवाई की जाएगी।



## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा शहर के पहले वाटर पार्क का किया शुभारंभ





### रीवा को मिली एक और उपलब्धि

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा शहर के पहले वाटर पार्क का लोकार्पण किया। शहर के माध्यम से बीहर नदी के तट पर निर्मित ईको पार्क में वाटरपार्क के शुभारंभ अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले में रीवा के लोगों को घूमने के लिये कोई स्थान नहीं होता था अब इन स्थानों की कमी नहीं है। पार्क, सुंदर तालाबों के किनारे व वृक्षों से आच्छादित सुरम्य स्थानों में लोग सुकून के पल विता सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा तेजी से विकास कर रहा है। अब बाहर से आने वाले अपने परिजनों को भी यहां के लोग रीवा के पर्यटन स्थल दिखाते व घुमाते हैं जिनकी वह प्रशंसा भी करते हैं।

रीवा के विकास की प्रदेश स्तर में चर्चा होती है। नवनिर्मित जिला न्यायालय भवन व सर्किट हाउस भवन की मुक्तकंठ से प्रशंसा की गई। वाटर पार्क भी रीवा के लिये बड़ी उपलब्धि है। अभी तक रीवा में इसकी कमी थी। रीवा के ह्मदय स्थल में निर्मित वाटरपार्क इस कमी को दूर करेगा। वाटर पार्क बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं में लोकप्रिय स्थान होता है। गर्मी में इसका विशेष आकर्षण होता है। अब रीवा वासी इसका आनंद उठायेंगे। पूर्व विधायक के.पी. सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

नजरिया

# चीन के मंसूबे पाक के हक में, उस पर उठ रहे सवाल


ऐसे वक्त में जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये पाक को सबक सिखाया है, चीन प्रत्यक्ष व परोक्ष तौर पर पाकिस्तान का समर्थन करता नजर आ रहा है। चीन-पाक की दुरभिसंधि दशकों पुरानी है लेकिन उसकी हालिया करतूतों की टाइमिंग को लेकर सवाल उठ रहे हैं। वह न केवल पाकिस्तान की सैन्य व आर्थिक मदद ही कर रहा है बल्कि चीनी सरकारी मीडिया भी कुप्रचार व भ्रामक समाचार फैलाने में पाक के साथ खड़ा नजर आ रहा है। अब उसने अपनी नई करतूत अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलकर उजागर की है। हालांकि, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। लगातार तीसरे साल चीन ने भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदला है। चीन अरुणाचल को जांगनान के नाम से दर्शाता है। वहीं इसे तिब्बत के दक्षिणी हिस्से के रूप में होने का दावा करता है। जैसा कि उम्मीद भी थी, भारत सरकार ने चीन के इन बेतुके दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। नई दिल्ली ने बीजिंग के इस बेतुके-निराधार दावे को सिरे से नकार दिया है। भारत सरकार ने फिर से दोहराया है कि 'अरुणाचल भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था और हमेशा रहेगा।' दरअसल, चिंता की बात यह है कि चीन ने यह करतूत ऐसे समय में की है जब पहलगाम हमले और उसके जवाब में सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' के चलते भारत-पाक के बीच तनाव कायम है। निश्चय ही इन स्थितियों में चीन का यह भड़काऊ कदम है। यहां उल्लेखनीय है कि भारतीय उपमहाद्वीप में हाल ही में हुई उथल-पुथल के दौरान पाकिस्तान को उसके सदाबहार दोस्त बीजिंग का भरपूर समर्थन मिला है। जिससे पता चलता है कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाने तथा व्यापार-कारोबार बढ़ाने की बात करने वाला चीन भारत के प्रति कैसी दुर्भावना रखता है। भले ही वह वैश्विक संगठनों व मंचों पर भारत के साथ खड़ा होने का दावा करता हो।

निस्संदेह, ऐसी घटनाएं हमें सतर्क करती हैं कि चीन के साथ मैत्री संबंधों के निर्धारण के दौरान हमें सजग व सचेत रहना चाहिए। अन्यथा चीन पीठ पर वार करने से नहीं चूकने वाला है। बीते वर्ष विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने व्यंग्यात्मक लहजे में एक सवाल पूछा था, 'अगर आज मैं आपके घर का नाम बदल दूं तो क्या वो मेरा हो जाएगा?' लेकिन निर्विवाद रूप से चीन ने विदेश मंत्री के इस संदेश को नजरअंदाज ही किया है। इतना ही नहीं वह फिर से भौगोलिक क्षेत्रों के नामों के मनमाने मानकीकरण के साथ आगे बढ़ गया है। लेकिन सवाल इस करतूत के समय का है। जाहिर बात है कि बीजिंग ने ऐसा न केवल चुनौतीपूर्ण समय में भारत का ध्यान भटकाने के लिये किया है, बल्कि पाकिस्तान के साथ एकजुटता दिखाने के लिये भी किया है। उस पाकिस्तान को, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कड़ी चेतावनी दी थी। प्रधानमंत्री ने सिर्फ और सिर्फ पाकिस्तान द्वारा कब्जाए कश्मीर पर ही बातचीत करने की बात कही थी। ऐसे में चीन ने अरुणाचल पर अपने क्षेत्रीय दावे से फिर से पाकिस्तान का मनोबल बढ़ाने का कुत्सित प्रयास किया। यह जानते हुए भी उसके दावे निराधार हैं। वहीं दूसरी ओर मोदी सरकार ने चीन के सरकारी मीडिया, खासकर ग्लोबल टाइम्स द्वारा कथित तौर पर फैलाए जा रहे पाकिस्तानी दुष्प्रचार के मामले को गंभीरता ले लिया है। गत सात मई को, चीन स्थित भारतीय दूतावास ने ग्लोबल टाइम्स को इस बात के लिये फटकार लगायी थी कि उसने तथ्यों और स्रोतों को पुष्टि किए बिना पाकिस्तान की सेना द्वारा भारतीय लड़ाकू विमान को मार गिराए जाने की रिपोर्ट दी थी। दिल्ली ने बुधवार को भारत में चीनी मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स के एक्स-अकाउंट हैंडल को कुछ घंटों के लिये ब्लॉक कर दिया था। निस्संदेह, चीनी शरारतें उनके नेताओं के भारत के प्रति हाल के प्रयासों के विपरीत हैं। ऐसे में चीनी विदेश मंत्री वांग यी द्वारा परिकल्पित ड्रैगन और हाथी के बीच दोस्ती का प्रपंच तब तक एक दूर का सपना ही रहेगा, जब तक कि चीन पाकिस्तान को बचाने के प्रयासों में लगा रहेगा।

# भारत से हार के बाद भी पाकिस्तान के आर्मी चीफ जश्न क्यों मनवा रहे हैं?



डॉक्टर, ब्रह्मदीप अलूने



पाकिस्तान में जो शक्तिशाली उच्च वर्ग का बड़ा समूह है, वह पाकिस्तान की फौज है। पाकिस्तान की सेना का देश की राजनीति, समाज, न्यायिक और समूची व्यवस्था पर इतना अधिक प्रभाव है कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से सबसे पहले फोन पर बातचीत की थी। यहीं से भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को रोका जा सका। लेकिन इस बीच भारत ने पाकिस्तान के मुजफ्फराबाद, अलियाबाद, कहूटा, हजीरा, मीरपुर, रावलकोट, रावलपिंडी और गुलाम कश्मीर में अनेक आतंकी प्रशिक्षण केन्द्रों को निशाना बनाकर तबाह कर दिया। यही नहीं पाकिस्तान के सैनिक ठिकाने भी भारतीय हमलों से बच नहीं सके। भारत ने जिस तरीके से इस बार हमला किया, उससे देश की पारंपरिक रणनीति में बदलाव देखने को मिला है। भारत के हमले ने पाकिस्तान के हवाई रसद और उच्च-स्तरीय सैन्य समन्वय के केंद्र को बाधित कर दिया। साथ ही महत्वपूर्ण प्रशिक्षण और संभावित मिसाइल भंडारण केंद्र को नुकसान पहुंचाया। साल 1971 के बाद पाकिस्तान के अंदर की गई भारत की सबसे बड़ी सैन्य कार्रवाई से बदहवास सेना, अपनी नाकामियों को छिपाने की भरपूर कोशिश कर रही है और जीत के जश्न के रूप में अपने देश की जनता को गुमराह कर रही है। इसका एक प्रमुख कारण सेना की यह आशंका है कि जनता में कहीं वह ख़ारिज न हो जाए। जब भी सत्ता के उच्च वर्ग को कोई चुनौती मिलती है तो वह अपनी हैसियत को बरक़रार रखने के लिए शक्ति का प्रदर्शन करता है।

## याह्या खां से क्या है कनेक्शन ?

पाकिस्तान के और तीसरे राष्टपति याह्या खां के कार्यो से पाकिस्तान में सेना की स्थिति और जनता को भ्रम में रखने की कोशिशों को भलीभांति समझा जा सकता है। साल 1971 में भारत से युद्ध के ठीक पहले पाकिस्तान के राष्टपति याह्या खां से आईएसआई के एक अधिकारी ने कहा था कि दुनिया की मशहूर ज्योतिषी जीन डिक्सन ने भविष्यवाणी की है कि एक शासनाध्यक्ष के रूप में अभी वो कम से कम दस सालों तक रहेंगे। इस बात से याह्या इतने उत्साहित हुए थे कि? उन्होंने भारत के सामने पाकिस्तान की सेना के 93 हजार सैनिकों के आत्मसमर्पण के 15 मिनट पहले तक अपने देश को यह भरोसा दिला रहे थे कि वे युद्ध में जीत के बहुत करीब हैं और भारत पर उनका कब्जा होने वाला है।

जनरल याह्या के एडीसी रहे अरशद समी खां अपनी किताब थ्री प्रेसिडेंट्स एंड एन एड में लिखा था कि राष्टपति याह्या खां सार्वजनिक रूप से ऐलान कर चुके थे कि अगर पाकिस्तान की एक इंच ज़मीन पर भी हमला किया गया तो इसका मतलब पूर्ण युद्ध होगा। वहां मौजूद हर व्यक्ति ये जानते हुए भी इस प्रस्ताव से सहमत था कि पाकिस्तान युद्ध की घोषणा करने की स्थिति में नहीं था। पाकिस्तान की स्थापना के ठीक 11 साल बाद यानि साल 1958 में देश में पहला मार्शल लॉ लगा दिया गया था। इस प्रकार पाकिस्तान में बहुत जल?द ही ऐसे हालात बन गय कि सैन्य ताकतों को पाकिस्तान की राजनीतिक व्यवस्था में हस्तक्षेप करने का वह अवसर दिया गया जिससे इस इस्लामिक गणराज्य में लोकतंत्र स्थापित होने की संभावना ही धूमिल हो गई।

## पाकिस्तानी सेना की आलोचना अपराध

पाकिस्तान में राजनीतिक पार्टियों को व्यवस्था में पूरी तरह से हावी न होने देने को लेकर सेना सतर्क रही है। यही कारण है कि कोई भी सरकार मुश्किल से ही अपना कार्यकाल पूरा कर पाती है। चुनी हुई सरकार को सत्ता से हटाने के लिए सेना विपक्षी दलों का सहारा भी ले लेती है, देश में व्यापक विरोध प्रदर्शन होते हैं और सेना देश की आंतरिक शांति भंग होने का खतरा बताकर सत्तारूढ़ पार्टी की सरकार को अपदस्थ कर देती है। यह भी बेहद दिलचस्प है कि अमेरिका ने पाकिस्तान की सैन्य तानाशाही को प्रश्रय देते हुए अय्यूब ख़ान, जनरल याह्या खान, जनरल ज़िया-उल-हक़ और जनरल परवेज मुशर्रफ को भरपूर समर्थन दिया। सेना ने अमेरिका की आर्थिक मदद को देश के विकास से ज्यादा सैन्य सुविधाओं के लिए खर्च किए।

## पाकिस्तान को पाल रहा है अमेरिका

पाकिस्तान के आर्थिक हितों और विभिन्न व्यवसायों में सैन्य अधिकारियों की बड़ी भागीदारी और निजी हित रहे हैं। पाकिस्तान की आम जनता महंगाई से भले ही त्रस्त हो लेकिन सैनिकों की सुविधाओं से कभी समझौता नहीं किया जा सकता। सरकारें सेना के दबाव में ही देश का आर्थिक बजट तय करती हैं। देश में सेना और आईएसआई की आलोचना को अपराध माना जाता है। कुल मिलाकर दुनिया भर में पाकिस्तान की छवि एक ऐसे देश की बन गई है जहां सेना का अपना देश है और उसके समर्थन के बिना कुछ भी नहीं हो सकता। अमेरिका का गैर नाटो सहयोगी पाकिस्तान, आतंक की बड़ी फैक्ट्री है जिसका उपयोगी अमेरिकी हितों की पूर्ति के लिए कई बार किया जाता है। अभी भी अमेरिका को ईरान और चीन के खिलाफ पाकिस्तान की जरूरत है और इसीलिए ट्रम्प और सीआईए पाकिस्तान की प्रासंगिकता को बनाएं रखना चाहते है।

## बलूचिस्तान के टूटने का है खतरा

पहलगाम पर हुए आतंकी हमलें के बाद भारत के जवाब से एक बार फिर पाकिस्तान की व्यवस्था में कोहराम मच गया है। राजनीतिक नेतृत्व और सेना के बीच जवाबदेही को लेकर गहरा असंतोष है। इस बीच देश में सेना के गौरव का बखान हो रहा है। वहीं शाहबाज़ शरीफ गहरे दबाव में हैं कि कहीं सत्ता पलट न हो जाए। भारत के हमले का फायदा उठाकर बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने इस सूबे के कई इलाकों में पाकिस्तान के कई आर्मी कैम्पों को ध्वस्त कर दिया है। पाक सैनिक अपनी चौकियों से भाग चुके हैं। बलूचिस्तान की भौगोलिक परिस्थितियां बेहद जटिल हैं और अब पाकिस्तान की सेना का पुन इन रणनीतिक मोर्चो को काबू में करना बेहद मुश्किल होगा। खैबर पख्तूनख्वा के कई इलाकों से भी पाकिस?तानी सेना को खदेड़ दिया गया है। पाकिस्तान की सेना कभी युद्ध नहीं जीती। साल 1971 में बांग्लादेश बन गया, अब बलूचिस्तान पर टूटने का खतरा है। पाकिस्तान की सेना की यह मज़बूरी रही है कि वह देश की जनता को गुमराह करके सत्ता पर कब्जा बनाए रखे। यही कारण है कि वह पराजय में भी जश्न के कारण तलाशती है और फिर सत्ता पर दबाव बनाकर अपनी वाहवाही करवाने को मजबूर कर देती है। भारत की सैन्य रणनीति और आक्रामकता से तबाह हुए पाकिस्तान के हालात बेहद खराब हो चुके हैं। फिर भी प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ ने बुझे चेहरे से पाकिस्तान की सेना की तारीफ में कसीदें गढ़े और फिर देश में जश्न शुरू हो गया।

# पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान तड़प गया पानी के लिए

राकेश शर्मा

पाकिस्तान एक आतंकी मुल्क है , सारा विश्व जानता है, लेकिन साथ साथ इतना बेगेरत भी हो सकता है इसे देखकर थोड़ी हैरानी हुई है। खैर, यह ऐसा देश है जहाँ इज्जत और बेइज्जती का इन्हें कोई फ़र्क़ ही नहीं पड़ता।

पहलगाम में सत्ताईस निर्दोष , निहत्थे हिंदू पर्यटकों पर 22 अप्रैल को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने धर्म पूछकर उनके परिजनों के सामने गोलियों से भून डाला। इस बर्बरतापूर्ण आतंकवादी घटना ने पुरे भारत राष्ट्र की आत्मा को झकझोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने तुरंत सीसीएस में निर्णय लेकर सेना को पाकिस्तान से बदला लेने के की खुली छूट के साथ और भी कई प्रतिबंध लगाये जिसमें 1960 का सिंधु जल समझौता भी शामिल था जिसके तहत हम अपनी नदियों का सत्तर प्रतिशत पानी पाकिस्तान को देकर स्वयं तीस प्रतिशत से ही संतुष्ट थे। बदलते परिवेश और परिस्थितियों में भारत ने इस संधि पर पुनर्विचार करने को कई बार अनुरोध किया जिसका पाकिस्तान ने कभी उत्तर नहीं दिया।

अब पाकिस्तान इस जल संधि के स्थगन के प्रकोप से बिलबिलाया हुआ है और कह रहा है की यह एकतरफा फेंसला है और ग़ैरक़ानूनी है, यह पाकिस्तानी जनता और अर्थव्यवस्था पर हमले जैसा है।

भारत के स्थगन के फेंसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध कर रहा है। ज्ञात हो पाकिस्तान के जल सचिव सैयद अली मुर्तजा ने भारत के जल सचिव देबश्री मुखर्जी को पत्र लिखकर यह सब बातें लिखी हैं। इनकी अकड़ देखो भारत से पहलगाम हमले के लिए माफ़ी मांगने की बजाय लगभग धमकी देते हुए कह रहे है की यह स्थगन ग़ैरक़ानूनी है।



अरे बेगरतों भारत में हज़ारों लोगों की आतंकवादियों द्वारा हत्या करवाना क्या पाकिस्तान की एकतरफ़ा और गेरक़ानूनी हरकत नहीं है, तब इन सब बातों ने तुम्हें क्यों नहीं सताया।

जब भारत ने सिंधु जल समझौते के स्थगन की घोषणा की थी तब तो तुम्हारा बिलावल चीख चीख के कह रहा था सिंधु में या तो पानी बहेगा या खून। अब ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब तुम्हारे आतंकी अड्डों को तबाह कर दिया है , तुम्हारे हवाई अड्डे बर्बाद हो गए है, तुम्हारे सारे हमले फुस्स कर दिए, लड़ाकू जहाज़ गिरा दिए तब आपके यहाँ सबकी बोलती बंद हो गई है और अब घुटनों पर आकर दया की भीख माँग रहे हो।

मैं इस आतंकी देश से पूछना चाहता हूँ की सिंधु जल संधि के स्थगन पर पुनर्विचार करने को लिखने से पहले इनकी आत्मा क्यूँ नहीं काँपी, कानों में उन माताओं और बहनो की चीत्कार क्यों नहीं सुनाई दी जिनके सिंदूर उजाड़ दिए, विधवा कर दिया, बच्चों को बगैर पिता के छोड़ दिया , माँ बाप को अपने बच्चों की लाश के सामने विलाप करने को छोड़ दिया।

खैर , पाकिस्तान को इस पत्र का भारत को कोई जवाब देने की आवश्यकता नहीं है क्यूंकि 12 मई को राष्ट्र के नाम संदेश में मोदी जी ने कह दिया है की खून और पानी एक साथ नहीं बह सकता, जिसका साफ़ मतलब है सिंधु जल समझौता स्थगित ही रहेगा। हमने यह भी कहा है की आतंक के खात्में तक आतंकियों, उनके अड्डों, उनके आकाओं, समर्थकों, और प्रश्रयदाताओं के ख़िलाफ़ ऑपरेशन सिंदूर जारी रहेगा।

मोदी जी अपने संकल्प को हमेशा याद रखना अब लग रहा है एक दो सच्चे मित्रों को छोड़कर यह आतंकवाद से लड़ाई अब हमें अकेले ही लड़नी है। इस लड़ाई में चीन और तुर्की ने पाकिस्तान का खुलेआम साथ दिया है और अमेरिका की कथनी और करनी में बहुत फर्क है। हमे कहता है की वह आतंक के खिलाफ है और उधर आतंकी पाकिस्तान को विश्व मुद्रा कोष से 2.4 बिलियन डॉलर की मदद दिलवाकर आतंकवाद फैलाने वालों की मदद कर रहा है। ज्ञात रहे कल ही पाकिस्तान ने भारत द्वारा सौ से ऊपर मारे गए आतंकियों को एक एक करोड़ रुपये देने की घोषणा की है , जैश और लश्कर के आतंकियों के हेडक्वार्टरस के पुनर्निर्माण का भी वायदा किया है। अमेरिका , चीन और तुर्की अभी भी कोई शक है की पाकिस्तानियों को जो भी भीख जहाँ से भी मिलती है वह कहाँ प्रयोग की जाती है। अमेरिका ने तो 9/11 से भी कोई सबक नहीं लिया , इसका कारण वह जाने लेकिन भारत का आतंक के सफाये का संकल्प पूरे विश्व को फायदा पहुँचाएगा।

मेरा तो मानना है की पाकिस्तान, तुर्की और चीन के साथ और हर आतंक का समर्थन करने वालों से हर तरह के संबंध तोड़ने चाहिए और अमेरिका के साथ संबंधों में सतर्कता रखनी चाहिए। यह करने से ही हमारा आतंक को समाप्त करने का संकल्प पूरा होगा।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस - कीटाणुओं के बाहरी हमले से बचने के लिए , हमें अपना शरीर शुद्ध और जीवन- शक्ति ठीक रखनी चाहिए



- योग गुरु महेश अग्रवाल

आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि कीटाणु रोगों का कारण नहीं हैं, प्राकृतिक चिकित्सा कीटाणुओं को रोग का कारण नहीं मानती है, उदाहरण के लिये जहाँ कचरा होता है वहाँ मक्खियाँ आती हैं। जहाँ कीचड़ होता है, वहीं मच्छर भी होते हैं। मक्खियों अथवा मच्छरों को तो हानिकारक समझकर मारा जाता है लेकिन जिस कचरे में वे रहते हैं, उस कचरे को यदि नहीं हटाया जाता है तो फिर से मक्खियाँ अथवा मच्छर वहीं आ जाते हैं। मक्खियों अथवा मच्छरों से स्थाई छुटकारा प्राप्त करने के लिये, उस गन्दगी को हटाना अनिवार्य है। गन्दगी नहीं रहने से मच्छर अथवा मक्खियाँ भी नहीं रहेंगी। योग गुरु अग्रवाल ने बताया सम्पूर्ण स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता जरुरी है, हमारे गलत खान-पान से हमारे शरीर में कब्ज, खून की खराबी और गन्दगी बढ़ती है। इसी गन्दगी में अलग-अलग प्रकार के कीटाणु उत्पन्न होते हैं। यदि हमारा खान-पान ठीक रहे, कब्ज नहीं रहे, शरीर में गन्दगी जमा नहीं होने दें तो कीटाणुओं का होना सम्भव नहीं है। शरीर के अन्दर विकारी पदार्थ का जमा रहना कीटाणुओं के लिए बिस्तर का काम करता है। यदि हम अपना खान-पान शुद्ध रखें, विचार और व्यवहार ठीक रखें, कब्ज नहीं रहने दें तो शरीर विकार मुक्त रहेगा। ऐसी स्थिति में यदि बाहर से रोग के कीटाणु शरीर के भीतर जायेंगे तो भी टिक नहीं पाएंगे और हमारी जीवन-शक्ति उनको ढकेलकर बाहर फेंक देगी। प्राकृतिक चिकित्सा के सिद्धान्त के अनुसार शरीर के अन्दर गन्दगी के कीटाणुओं का विस्तार नहीं होने पर हमें कीटाणु भी कोई हानि नहीं पहुँचा सकते हैं। कीटाणुओं के बाहरी हमले से बचने के लिये, हमें अपना शरीर शुद्ध और जीवन-शक्ति ठीक रखनी चाहिये।

देश की बड़ी आबादी मच्छर के काटने से होने वाली बीमारियाँ जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया, फाइलेरिया (हाथी पाँव), जापानीज बुखार (इनसिफेलाइटिस), जीका जैसे रोगों के खतरे में है और ये बीमारियाँ शहर-गाँव में मानवीय लापरवाहियों के कारण फैल रही हैं। मच्छर दिन व दिन बढ़ते जा रहे हैं एवं उनके काटने से होने वाले रोगों पर अब दवाईयाँ भी बेअसर हो रहीं हैं ऐसे में मच्छरों की पैदावार को शिशु अवस्था में रोकने और मच्छर को किसी भी हालत में अपने को काटने न देना ही इन बीमारियों से बचाव का एकमात्र उपाय है। आजकल सभी प्रकार के मच्छरों की आबादी बिना ढकी जाम नालियों में वर्ष भर सबसे ज्यादा पैदा होती है।

प्रत्येक वर्ष डेंगू बीमारी के प्रसार, रोकथाम और उपचार के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के लिए 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता हैं। राष्ट्रीय डेंगू दिवस की साल 2025 की थीम जल्दी कार्रवाई करें, डेंगू रोकें- स्वच्छ वातावरण, स्वस्थ जीवन ताकि डेंगू को कम किया जा सके। मनुष्य में डेंगू जैसी जानलेवा बीमारी के संचरण के लिए मादा मच्छर उत्तरदायी है। बारिश के दिनों में, मच्छरों के पनपने और कई बीमारियों के संचरण हेतु अनुकूल परिस्थितियां निर्मित हो जाती हैं। आमतौर पर हम मच्छर का डंक/काटना शब्द का उपयोग करते हैं, लेकिन क्या आप यह जानते हैं कि मच्छर के दांत नहीं होते हैं, बल्कि मच्छर काटने के बजाए खून चूसता हैं। अपने आसपास मच्छरों की प्रजनन भूमि वाले स्थानों में पानी इकठ्ठा न होने दें। मादा मच्छर बार-बार काट सकती है तथा इसके कारण होने वाला मलेरिया एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में संचारित होता हैं। मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए तालाबों और पानी जमा होने वाली खुली जगहों पर केरोसिन के तेल का छिड़का किया जाना चाहिए। कूलर्स, फ्रिज के पीछे की ट्रे, फूलदान और टूटी पिचस में भरे पानी को तुरंत साफ़ किया जाना चाहिए। मच्छरों की रोकथाम हेतु मच्छरदानी और मच्छर भगाने वाले उत्पादों का उपयोग करना सस्ता, सरल, सुलभ और प्रभावी उपाय है। इन बीमारियों की रोकथाम, इनके बारें में, प्रत्येक व्यक्ति में जागरूकता विकसित करके और प्रभावी उपायों तथा सटीक रवैया अपनाकर की जा सकती है। हम सभी को मिलकर इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु सरकार द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण क़दमों का समर्थन करना चाहिए।




## बुखार की रोकथाम बहुत आसान है

साधारण डेंगू बुखार की अवधि लगभग 5-7 दिन तक रहती है और रोगी ठीक हो जाता है। अधिकतर मामलों में रोगियों को साधारण डेंगू बुखार ही होता है। 2. डेंगू हॅमरेजिक बुखार यदि साधारण डेंगू बुखार के लक्षणों के साथ-साथ, निम्नलिखित लक्षणों में से एक भी लक्षण प्रकट होता है तो ष्ठ॥स्न होने का शक करना चाहिए। रक्तस्राव (हॅमरेज होने के लक्षण) नाक, मसूढ़ों से खून जाना, शौच या उल्टी में खून जाना, त्वचा पर गहरे नीले काले रंग के छोटे या बड़े चिकत्ते पड जाना आदि रक्स्राव (हॅमरेज) के लक्षण हैं। यदि रोगी की किसी स्वास्थ्य कर्मचारी द्वारा टोर्निक टैस्ट किया जाये तो वह पॉजिटिव पाया जाता है प्रयोगशाला में कुछ रक्त परीक्षणों के आधार पर ष्ठ॥स्न के निदान की पुष्टि की जा सकती है। 3 डेंगू शॉक सिन्ड्रोम (डीएसएस) इस प्रकार के डेंगू बुखार में डीएएफ के उपर बताए गये लक्षणों के साथ-साथ शॉक की अवस्था के कुछ लक्षण भी प्रकट हो जाते हैं। डेंगू बुखार में शॉक के लक्षण ये होते हैं- रोगी अत्यधिक बेचैन हो जाता है और तेज बुखार के बावजूद भी उसकी त्वचा ठंडी महसूस होती है। रोगी धीरे-धीरे होश खोने लगता है। यदि रोगी की नाड़ी देखी जाए तो वह तेज और कमजोर महसूस होती है। रोगी का रक्तचाप (ब्लडप्रेशर) कम होने लगता है।

उपचार - यदि रोगी को साधारण (क्लासिकल) डेंगू बुखार है तो उसका उपचार व देखभाल घर पर की जा सकती है। चूंकि यह स्वयं ठीक होने वाला रोग है इसलिए केवल लाक्षणिक उपचार ही चाहिए। उदाहरण के तौर पर स्वास्थ्य कर्मचारी की सलाह के अनुसार पेरासिटामॉल की गोली या शरबत लेकर बुखार को कम रखिए। रोगी को डिसप्रिन, एस्प्रीन कभी ना दें।यदि बुखार 102 एफ से अधिक है तो बुखार को कम करने के लिए हाइड्रोथेरेपी (जल चिकित्सा) करें। सामान्य रूप से भोजन देना जारी रखें। बुखार की स्थिति में शरीर को ओर अधिक भोजन की आवश्यकता होती है।

रोगी को आराम करने दें। यदि रोगी में ष्ठ॥स्न या ष्ठस्स्की ओर संकेत करने वाला एक भी लक्षण प्रकट होता नजर आए तो शीघ्रतिशीघ्र रोगी को निकटतम अस्पताल में ले जाए ताकि वहाँ आवश्यक परीक्षण करके रोग का सही निदान किया जा सके और आवश्यक उपचार शुरू किया जा सके। (जैसे कि द्रवों या प्लेटलेट्स कोशिकाओं को नस से चढाया जाना। प्लेटलेट्स एक प्रकार की रक्त कोशिकाएँ होती है जो ष्ठ॥स्न तथा ष्ठस्स्मे कम हो जाती हैं। यह भी याद रखने योग्य बात है कि डेंगू बुखार के प्रत्येक रोगी की प्लेटलेट्स चढाने की आवश्यकता नही होती है। यदि समय पर सही निदान करके जल्दी उपचार शुरू कर दिया जाए तो डीएचएफ तथा डीएसएस का भी सम्पूर्ण उपचार संभव है।

डेंगू बुखार की रोकथाम सरल, सस्ती तथा बेहतर है। आवश्यकता है कुछ सामान्य उपाय बरतने की - एडीज मच्छरों का प्रजनन रोकना। एडीज मच्छरों के काटने से बचाव। एडीज मच्छरों का प्रजनन रोकने के लिए उपाय मच्छर केवल पानी के स्रोतों मे ही पैदा होते हैं जैसे कि नालियों, गड्ढों, रूम कूलर्स, टूटी बोतलों, पुराने टायर्स व डिब्बों तथा ऐसी ही अन्य वस्तुओं में जहाँ पानी ठहरता हो। अपने घर में और उसके आस-पास पानी एकत्रित न होने दें। गड्ढों को मिट्टी से भर दें। रूकी हुई नालियों को साफ कर दें। रूम कूलरों तथा फूल दानों का सारा पानी सप्ताह में एक बार पूरी तरह खाली करे दें, उन्हें सुखाएँ तथा फिर से भरें। खाली व टूटे-फूटे टायरों, डिब्बों तथा बोतलों आदि का उचित विसर्जन करें। घर के आस-पास सफाई रखें। पानी की टंकियों तथा बर्तन को सही तरीके से ढक कर रखें ताकि मच्छर उसमें प्रवेश ना कर सके और प्रजनन न कर पायें। यदि रूम कूलरों तथा पानी की टंकियों को पूरी तरह खाली करना संभव नहीं है तो यह सलाह दी जाती है कि उनमे सप्ताह में एक बार पेट्रोल या मिट्टी का तेल डाल दें। प्रति 100 लीटर पानी के लिए 30 मि. लि. पेट्रोल या मिट्टी का तेल पर्याप्त है। ऐसे करने से मच्छर का पनपना रूक जायेगा।

पानी के स्रोतों में आप कुछ छोटी किस्म की मछलियाँ (जैसे कि गैम्बुसिया, लेबिस्टर) भी डाल सकते हैं। ये मछलियाँ पानी में पनप रहे मच्छरों व उनके अण्डों को खा जाती हैं। इन मछलियों को स्थानीय प्रशासनिक कार्यालयों (जैसे की बीडीओ कार्यालय) से प्राप्त किया जा सकता है। यदि संभव हो तो खिड़कियों व दरवाजों पर महीन जाली लगवाकर मच्छरों को घर मे आने से रोकें। मच्छरों को भगाने व मारने के लिए मच्छर नाशक क्रीम, स्प्रे, मैट्स, कॉइल्स आदि प्रयोग करें। गूगल के धुएँ से मच्छर भगाना एक अच्छा देशी उपाय है। रात में मच्छरदानी के प्रयोग से भी मच्छरों के काटने से बचा जा सकता है। सिनेट्रोला तेल भी मच्छरों को भगाने में काफी प्रभावी है। ऐसे कपड़े पहनना ताकि शरीर का अधिक से अधिक भाग ढका रहे। यह सावधानी बच्चों के लिए अति आवश्यक है। बच्चो को मलेरिया सीजन (जुलाई से अक्तूबर तक) मे निक्कर व टीशर्ट ना ही पहनाए तो अच्छा है। मच्छर-नाशक दवाई छिड़कने वाले कर्मचारी जब भी यह कार्य करने आयें तो उन्हे मना मत कीजिए घर में दवाई छिड़कवाना आप ही के हित मे है। घर के अन्दर सभी क्षेत्रों में सप्ताह में एक बार मच्छर- नाशक दवाई का छिडकाव अवश्य करें। यह दवाई फोटो फ्रेम्स, परदो, कलैण्डरों आदि के पीछे तथा घर के स्टोर कक्ष व सभी कोनों में अवश्य छिड़कें। दवाई छिड़कते समय अपने मुहँ व नाक पर कोई कपडा अवश्य बाँध लें तथा खाने पीने की सभी वस्तुओं को ढक कर रखें। फ्रिज के नीचे रखी हुई पानी इकठ्ठा करने वाली ट्रे को भी प्रतिदिन खाली कर दें। अपने घर के आस-पास के क्षेत्र में सफाई रखें। कूड़ा-करकट इधर उधर ना फेकें। घर के आस-पास जंगली घास व झाड़ियाँ आदि न उगने दें। (घर के आस-पास कम से कम 100 मी0 के अर्धव्यास में तो बिलकुल नहीं)। ये मच्छरों के लिए छिपने व आराम करने के स्थलों का कार्य करते हैं। यदि आपको लगता है कि आपके क्षेत्र में मच्छरों की संख्या में अधिक वृद्धि हो गयी है या फिर बुखार से काफी लोग ग्रसित हो रहे है तो अपने स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र, नगरपालिका या पंचायत केन्द्र मे अवश्य सूचना दें। यह भी याद रखने योग्य बात है कि एडीज मच्छर दिन में भी काट सकते हैं। इसलिए इनके काटने से बचाव के लिए दिन में भी आवश्यक सावधानियाँ बरतें।

यदि किसी कारणवश दरवाजों व खिड़कियों पर जाली लगवाना संभव नहीं हैं। तो प्रतिदिन पूरे घर मे पायरीथ्रम घोल का छिड़काव करें। डेंगू बुखार सर्वाधिक रूप से जुलाई से अक्तूबर माह के बीच की अवधि में होता है क्योंकि इस मौसम में मच्छरों के पनपने के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ होती है इसलिए इस मौसम में हर सावधानी बरतनी चाहिए। अन्त मे एक सलाह और। डेंगू बुखार से ग्रस्त रोगी को बीमारी के शुरू के 6-7 दिनों में मच्छरदानी से ढके हुए बिस्तर पर ही रखें ताकि मच्छर उस तक ना पहुँच पायें। इस उपाय से समाज के अन्य व्यक्तियों को डेंगू बुखार से बचाने मे से काफी सहायता मिलेगी। यदि आपको कभी भी ऐसा लगे कि काफी व्यक्ति ऐसे बुखार से पीडित है जो डेंगू हो सकता है तो शीघ्रतिशीघ्र स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों को इसकी सूचना दें। ऐसा करने से डेंगू बुखार को महामारी का रूप धारण करने से पहले ही आवश्यक कदम उठाकर नियन्त्रित किया जा सकेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म. प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाइट: dainiksandhyaprakash.in

# रेत का अवैध उत्खनन करते पाये जाने पर 3 फोकलेन मशीन, डंपर और ट्रैक्टर जब्त

**जबलपुर।** रेत के अवैध उत्खनन की शिकायत पर जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने आज गुरूवार की शाम बड़ी कार्यवाही करते हुए शहपुरा तहसील के अंतर्गत ग्राम बेनखेड़ी के समीप नर्मदा नदी के बम्हकुंड घाट से तीन फोकलेन मशीन, एक डम्फर और एक ट्रेक्टर जब्त किया है। अवैध रेत उत्खनन के इस प्रकरण में नर्मदा नदी से रेत की चोरी का प्रकरण भी कायम किया जा रहा है।

रेत के अवैध उत्खनन की यह शिकायत कलेक्टर दीपक सक्सेना को प्राप्त हुई थी। कलेक्टर श्री सक्सेना ने शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय से चर्चा कर जिला स्तर से प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकरियों की टीम गठित कर कार्यवाही के निर्देश दिये। इस टीम ने अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड, एसडीएम जबलपुर अभिषेक सिंह ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर कुल्दीप पारासर, सीएसपी रांझी सतीश साहू एवं सीएसपी पाटन लोकेश डाबर को शामिल किया गया था।जिला स्तर से गठित इस टीम ने ब्रम्हकुंड घाट पर छापामार



कार्यवाही कर रेत का अवैध उत्खनन करते पाये जाने पर तीन फोकलेन मशीनों, एक डम्फर और एक ट्रेक्टर को तत्काल जब्ती की कार्यवाही की। जब्त की गई फोकलेन मशीनों, डम्फर और ट्रेक्टर को बेलखेड़ा थाने में रखा गया है। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने अवैध रेत उत्खनन के इस प्रकरण में दोषी व्यक्ति के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। श्री सक्सेना ने बताया कि इस प्रकरण में अवैध उत्खनन के साथ-साथ रेत चोरी का प्रकरण भी कायम किया जायेगा।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद 3.25 लाख जवानों को राहत, छुट्टी का आदेश वापस लिया गया



**नई दिल्ली।** देश के भीतर और सीमाओं पर तनाव के चलते रद्द की गई सीआरपीएफ जवानों की छुट्टियों पर अब राहत की सांस ली जा सकती है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद अचानक सुरक्षा हालातों में बदलाव के चलते 7 मई को छुट्टियां रद्द कर दी गई थीं। ड्यूटी पर मौजूद न रहने वाले जवानों को तुरंत वापस बुलाया गया था। अब दस मई को भारत-पाक के बीच सीजफायर के बाद हालात सामान्य होने पर यह आदेश वापस ले लिया गया है। नए आदेश के मुताबिक सभी जवान और अधिकारी अब पहले की तरह नियमानुसार छुट्टियों का लाभ ले सकेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की थी, जिसके बाद सुरक्षा सतर्कता के चलते जवानों की छुट्टियां ही नहीं, तबादले भी रोक दिए गए थे। जो अधिकारी सात मई तक रिलीव नहीं हुए थे, उन्हें अपनी मौजूदा तैनाती पर ही रुकने का आदेश जारी किया गया था। अब हालात सामान्य होते देख ट्रांसफर प्रक्रिया भी पहले की भांति बहाल कर दी गई है।

# उच्चतम न्यायालय के आदेश पर थाना यातायात और परिवहन विभाग की संयुक्त कार्रवाई



**द मो ह।** उ च च त म न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा शिक्षण संस्थाओं में बस एवं लोक परिवहन में प्रयोग होने वाले सभी वाहनों हेतु जारी आदेशों के पालन हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा दिनांक 13/5/25 से 31/5/25 तक जिला परिवहन एवं जिला पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

इस दौरान श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन एवं संदीप मिश्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में मारुताल बाईपास पर थाना यातायात एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से लोक परिवहन बसों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान बसों के बीमा,फिटनेस,परमिट,प्रदूषण प्रमाण पत्र,चालक का लाइसेंस,अग्निशमन यंत्र,फर्स्ट एड बॉक्स,प्रेशर हॉर्न एवं अन्य सुरक्षा उपाय चेक किए गए। 24 लोक परिवहन बसों में कमी पाए जाने पर 21600 रुपए का प्रशमन शुल्क वसूला गया। बसों में लगे प्रेशर हॉर्न को मौके पर ही निकलवाकर न लगाने की समझाइश दी गई।

# शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल पाटन विद्यालय का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**पाटन।** मा ध्यमि क शि क्षा मंडल भो पा ल द्वा रा घो षि त दसवीं एवं बा रहवीं कक्षा के परी क्षा परि णा मो में शा सकी य हा यर सेकेंडरी स्कूल पा टन के



वि द्या र्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कि या है। वि द्या लय का कुल परी क्षा परि णा म सरा हनी य रहा है। कक्षा दसवीं का परी क्षा परि णा म 93ः ए वि ज्ञा नं संका य ; 12 वी फीसदी का परी क्षा परि णा म 100 कला संका य ; 12 वी का परी क्षा परिणाम 97 फीसदी रहा ए कक्षा 12वीं कला संका य की छा त्रा पा यल वर्मा ने 87.8 फीसदी अंक अर्जि त कर वि द्या लय मे प्रथम स्था न प्रा प्त कि या । वि ज्ञा न संका य मे शा लू लबा ना ने 86.7 अंक प्रा प्त कि ये। ये वही बा लक वर्ग में नि ति न वर्मा ने सबसे अधि क 82 फीसदी प्रा प्त कि ये। कक्षा दसवीं मे मुस्का न पटेल ने 88.2 अंक अर्जि त कर प्रथम स्था न प्रा प्त कि या । बा लको में जय वर्मा ने 88ः अंक प्रा प्त कर बा जी मा री । वि द्या लय की प्रा चा र्य शा. हि ना खा न ने इस उल्लेखनी य उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसका श्रेय विद्या लय के समस्त शि क्षि का ओं और शि क्षणेतर स्टाफ के अथक प्रयासों को दि या । उन्हों ने वि द्या र्थि यों के उज्जवल भवि ष्य की का मना की ।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 247789 लाड़ली बहनों के खाते में अंतरित किए 30 करोड़ 26 लाख 90 हजार 450 रुपए

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

**औ बे दु ल्ला गं ज (संवाददाता)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा गुरुवार को सीधी के खुर्द में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों के बैंक खाते में सिंगल क्लिक से राशि अंतरित की गई।



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रदेश के साथ ही रायसेन जिले की मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत जिले की 247789 लाड़ली बहनों के बैंक खाते में कुल 30 करोड़ 26 लाख 90 हजार 450 रू की राशि अंतरित की गई है। इसी प्रकार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत जिले के 112998 हितग्राहियों के खाते में कुल 06 करोड़ 77 लाख 94 हजार रू की राशि अंतरित की गई है।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन, डीप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा, जमना सेन सहित अधिकारी और हितग्राही उपस्थित रहे। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उद्बोधन का लाईव प्रसारण भी देखा व सुना गया। साथ ही एलडीएम एचएस सोनी द्वारा लाड़ली बहना योजना की हितग्राहियों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना की विस्तार से जानकारी दी गई।

# जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष ने वक्फ की जमीन, दुकानदारों पर बकायादारों के नाम सार्वजनिक करने की मांगी अनुमति

**सिरोंज।** जामा मस्जिद सिरोंज के वक़्फ़ कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर वसीम ने एक आवेदन मध्य प्रदेश वक़्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्ज़ा प्राप्त डॉक्टर सनव्वर पटेल को दिया जिसमें कहा गया कि जामा मस्जिद सिरोंज की कृषि भूमि ग्राम हबीब गंज, ग्राम झाबे, ग्राम शाइस्ताबाद, ग्राम एचनवाड़ा, ग्राम बरखेड़ी, ग्राम अहीर खेड़ी, तहसील सिरोंज मे हे इन जमीनों पर कई वर्षों से इन्हीं गांवों के लोग काबिज हे जिसमें से कुछ तो जमीन का लगान जमा करते हे लेकिन अधिकतर लोग इस जामा मस्जिद का लगान जमा नहीं कर रहे हे कमेटी द्वारा बुलाने पर आते भी नहीं हे इन लोगों पर मस्जिद का लाखों रुपए बकाया हे जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर वसीम ने आवेदन मे यह भी लिखा हे के जामा मस्जिद की दुकानों पर भी कुछ लोगों द्वारा कब्जे हे जिनका किराया यह लोग कई सालों से नहीं दे रहे हे आवेदन मे जामा मस्जिद कमेटी ने मध्य प्रदेश के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्ज़ा प्राप्त डॉक्टर सनव्वर पटेल से ऐसे बकायदारों के नाम सार्वजनिक करने की अनुमति मांगी गई हे जिससे इनके नाम सार्वजनिक होंगे तो इनको कुछ शर्म महसूस होगी अपनी बदनामी की जिसकी वजह से यह लोग जामा मस्जिद का बकाया पैसा जमा कर देंगे जिससे शासन की योजना अनुसार इसका पैसा 50 प्रतिशत शिक्षा पर खर्च हो सकेगा



### इनका कहना हे

हमने जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष होने के नाते बकायादारो के नाम सार्वजनिक करने की अनुमति मांगी हे अगर वक़्फ़ बोर्ड हमे बकायदारों के नाम सार्वजनिक करने की अनुमति देता हे तो हम इन बकायदारों के नाम शहर के चौराहों पर बोर्ड बनवाकर मय पते के साथ लिखकर सार्वजनिक करेंगे अगर इन लोगो में जरा सी भी शर्म होगी तो यह लोग जामा मस्जिद का पैसा जमा कर देंगे

**डॉक्टर वसीम**
अध्यक्ष, जामा मस्जिद कमेटी सिरोंज

# सांदीपनि शासकीय उ.मा.वि दमोह में 15 दिवसीय समर कैंप का समापन बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति



**दमोह।** शासकीय सांदीपनि उ.मा.वि दमोह में 01मई से संचालित 15 दिवसीय समर कैंप का समापन छात्र-छात्राओं द्वारा समर कैंप में सीखी गई गतिविधियों के प्रस्तुतीकरण से किया गया कार्यक्रम में विशेषज्ञ कुमारी आरती शुक्ला नृत्य शिक्षिका द्वारा सिखाए गए नृत्यो का प्रस्तुतीकरण, श्रीमती सीमा डिम्हा द्वारा सिखाई गई कंप्यूटर विधियां, सुश्री हर्षा दवे द्वारा सिखाए गए आत्मरक्षा के गुण, श्रीमती रूपा तिवारी संगीत शिक्षिका एवं नंदराम तिवारी द्वारा सिखाए गए गायन एवं वादन ,सहित चित्रकला, गार्डन मैनेजमेंट, लाइब्रेरी मैनेजमेंट का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य आर पी कुर्मी द्वारा समर कैंप के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलोक सोनवलकर प्राचार्य महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उमावि दमोह रहे। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी दमोह के प्रतिनिधि मोहन राय एवं आरबी सिंह सर ,भाजपा कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल,एसएमडीसी सदस्य राजेश विश्वकर्मा सहित 100 से अधिक अभिभावकों की उपस्थिति रही ।सभी विषय विशेषज्ञों को पारितोषक, शील्ड व प्रमाण पत्र एवं छात्र-छात्राओं को मेडल, शील्ड व प्रमाण पत्र अतिथियों द्वारा वितरित किए गए ।कार्यक्रम का संचालन संजय खरे लाइब्रेरियन द्वारा एवं आभार नरेंद्र अहिरवार प्रधान अध्यापक द्वारा माना गया कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

# कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने किया मेधावी विद्यार्थियों से संवाद




**मंडला।** बोर्ड परीक्षा 2025 में दसवी और बारहवी की परीक्षा में प्रवीण्यता सूची में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों से कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने संवाद किया। जिला योजना भवन में आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान कार्यक्रम के दौरान आत्मीय संवाद में कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं से उनकी तैयारी, माता-पिता के सहयोग और गुरूजनों के मार्गदर्शन के विषय में चर्चा की। साथ ही उनके भविष्य के लक्ष्य के बारे में पूछा।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने छात्र-छात्राओं से कहा कि यह आपके कैरियर की शुरूआत है, यहां से आपकी वास्तविक परीक्षाओं का आरंभ होता है। अब परिजनों तथा गुरूजनों की आपसे अपेक्षाएं भी बढ़ गई है। अब आपको अपना लक्ष्य पाने के लिए और अधिक परिश्रम की आवश्यकता पड़ेगी। आज का समय प्रतिस्पर्धा का है कॉम्पीटिशन के इस दौर में आपको अपना फोकस लक्ष्य पर रखते हुए उसके अनुरूप तैयारी करनी है। कलेक्टर ने कहा कि यदि आप किसी प्रतिस्पर्धा में असफल हो जाएं तो निराश नहीं होना है। परीक्षाएं हमेशा होती रहेंगी। आप एक बार की असफलता से हताश हुए बिना अगली परीक्षा की तैयारी करें। अपना लक्ष्य तय कर उसके लिए नियमित रूप से तैयारी करना आपकी सफलता का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि आपकी सफलता आपके माता-पिता, गुरूजनों और रिश्तेदारों को गौरवान्वित कराती है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसी ट्रायबल वंदना गुप्ता, डीईओ श्रीमती मुन्नी वरकड़े, एपीसी मुकेश पाण्डे, बोर्ड परीक्षा प्रभारी महेन्द्र श्रीवास, स्कूलों के प्राचार्य एवं मेधावी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मंडला में सैनिकों के सम्मान में 17 को तिरंगा यात्रा



**मंडला।** भारतीय सैनिकों के शौर्य और पराक्रम के सम्मान में मंडला में 17 मई, शनिवार को विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। ÷राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक÷ की ओर आयोजित यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में निकाली जाएगी, जिसमें भारतीय सेना ने पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर निर्णायक कार्रवाई की थी।तिरंगा यात्रा शाम 5 बजे लालीपुर चौराहे से शुरू होकर शहीद उदयचंद चौक तक जाएगी। आयोजन की तैयारियों के लिए गुरुवार को नगर पालिका टाउन हॉल में जिले के बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों की बैठक हुई। बैठक में यात्रा की रूपरेखा तैयार की गई और इसे सफल बनाने के लिए विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में उपस्थित नागरिकों ने सैनिकों के अभूतपूर्व योगदान और देश की सुरक्षा के लिए उनके बलिदान की सराहना की। आयोजकों ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल होकर सैनिकों के सम्मान को अभिव्यक्त करें और आयोजन को अविस्मरणीय बनाएं।



**सुल्तानपुर।** गौहरगंज में प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनामेंट दिनांक 14 मई को गौहरगंज में आयोजित किया गया द्य यह एक नाईट टूर्नामेंट था । जिसमे आमिर 11 कनोरा और यंग बॉयज रायसेन के बीच रोमांचक फाइनल मुकाबला हुआ . जिसमें आमिर 11 कनोरा ने यंग बॉयज रायसेन को हराकर विजय हासिल की आमिर 11 कनोरा के मालिक इरफ़ान खान व मो आरिफ पटेल कनोरा द्वारा सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया गया व विजय दल को प्रथम पुरस्कार स्वरुप ट्रॉफी दी गयी द्य उप विजेता दल को भी पुरस्कृत किया गया और सभी दल के खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की ।

# लिटिल फ्लावर स्कूल बैतूल की 12 वीं कक्षा की टॉपर बनी स्नेहा गुप्ता



**सांध्य प्रकाश बैतूल।** लिटिल फ्लावर स्कुल सदर में कामर्स में स्नेहा गुप्ता ने 89.60 प्रतिशत अंजनी धुर्वे ने 89.40 प्रतिशत और स्वाति कनाठे ने 86.40 प्रतिशत किए है। इसी प्रकार साइंस में श्रेया सोनी ने 86.40 प्रतिशत तथा नारायण कोडले ने 85 प्रतिशत और पूजा पवार ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है। स्कुल में अनुशासन और सभी टीचर्स द्वारा पढ़ाने के तरीके को स्नेहा अपनी इस सफलता का महत्त्वपूर्ण कारण मानती है। स्नेहा 12 वी के साथ साथ पूना से चार्टेड अंकाउंटे की तैयारी भी कर रही। स्नेहा ने स्कुल प्रबंधन और बैतुल सांसद एवं राज्य मंत्री दुर्गादास उइके से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# शराब के निर्धारित मूल्य से अधिक विक्रय पर सख्ती, कलेक्टर ने ठेकेदारों को दी हिदायत



**सांध्य प्रकाश बैतूल।** जिले में शराब के अवैध विक्रय और निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में अधिकृत मदिरा ठेकेदारों और आबकारी विभाग के अमले को स्पष्ट निर्देश दिए कि शराब का विक्रय केवल निर्धारित मूल्य पर ही किया जाए।

उन्होंने कहा कि सभी शराब दुकानों पर मूल्य सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए, जिससे उपभोक्ताओं को जानकारी रहे। अधिकृत सूची आबकारी विभाग द्वारा ठेकेदारों को दी जाएं। यदि निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर शराब बेचने की शिकायत मिलती है, तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर सूर्यवंशी ने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों एवं अधिकृत दुकानों के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर शराब विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने महाराष्ट्र सीमा से भी अवैध शराब परिवहन पर रोक लगाने के निर्देश दिए और आबकारी व पुलिस विभाग को सतत कार्यवाही के लिए ताकीद किया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया ने भी सभी एसडीओपी और थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्रों में अवैधश्च शराब विक्रय पर नजर रखें और कठोर कार्रवाई करें। जिले में अवैध रूप से शराब का विक्रय और परिवहन न हो। मूल्य वृद्धि की शिकायतों पर भी सख्त ठेकेदारों पर कड़ी कार्यवाही कराएं।

बैठक में जिला आबकारी अधिकारी, सभी उपनिरीक्षक और लाइसेंसी ठेकेदार उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने आबकारी विभाग एवं पुलिस के अधीनस्थ अमले को सख्त हिदायत दी है कि उनके क्षेत्र में अवैध रूप से शराब के विक्रय और परिवहन तथा निर्धारित मूल्य से अधिक पर शराब विक्रय संबंधी शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## धान व गेहूं का भुगतान न किया जाना किसान के साथ अन्याय- भारतीय किसान संघ

# भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी मंत्री व उपमुख्यमंत्री से सर्किट हाउस में मुलाकात कर किसानों की समस्याओं व मांगों का सौपा ज्ञापन



**जबलपुर।** भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिले के प्रभारी मंत्री व प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से सर्किट हाउस में मुलाकात कर किसानों की समस्याओं व मांगों का दस सूत्रीय ज्ञापन पत्र सौंपा। किसान संघ के जिला मंत्री धनंजय पटैल ने किसानों के धान व गेंहू के रूके भुगतान के विषय को प्रमुखता से रखा। श्री पटेल ने प्रभारी मंत्री को बताया कि जबलपुर में धान खरीदी की प्रक्रिया में लगी एजेंसियों व शासकीय विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों ने भारी गड़बड़ी की है। जिसमें किसान का कोई दोष नहीं है। भुगतान पत्रक होने के बाद भी लगभग 400 किसानों का 70 करोड़ से अधिक का भुगतान रोक दिया है। यह किसानों के साथ अन्याय है। जिला मंत्री श्री पटैल ने वर्तमान में गेंहू खरीदी के रूके भुगतान व धान का भुगतान तत्काल कराये जाने की मांग रखी। जिससे किसान आगामी खरीफ की फसलों के लिये डीएपी, यूरिया, पोटाश आदि खादों का समय पर क्रय कर सके। किसान संघ के ज्ञापन में नकली खाद, बीज व कीटनाशक विक्रेताओं पर भी कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई।

### मूंग व उड़द की खरीदी करे सरकार

भारतीय किसान संघ ने प्रदेश सरकार से मांग की कि पिछले वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी मूंग व उड़द की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाये तथा किसानों के पंजीयन की कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ की जाये। जिससे किसानों को उनकी उपर का बाजिब मूल्य मिल सके।

### नहरों की साफ सफाई व मरम्मत शीघ्र हो

किसान संघ के पदाधिकारियों ने नहरों की साफ सफाई व मरम्मत के विषय को भी प्रभारी मंत्री के समक्ष रखा। नहरों में व्याप्त भृष्टाचार के कारण बदहाल नहरों की शीघ्र मरम्मत व सफाई करने की मांग की गई। जिससे किसानों को खरीफ सीजन में पर्याप्त पानी मिल सके।

### भूमि अधिग्रहण किसान की सहमति व सलाह के बिना न हो

प्रदेश में विभिन्न परियोजनाओं के नाम पर किसानों की भूमि अधिग्रहीत की जा रही हैं। जिसको लेकर किसान संघ ने ज्ञापन में अपनी राय को स्पष्ट किया कि प्रदेश में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया किसान की सहमति व सलाह के बिना न की जाये। यदि किसान के हित प्रभावित होंगे और किसानों का नुकसान होगा तो किसान भूमि अधिग्रहण का तीव्र विरोध करेंगें।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर भारतीय एग्रो इकोनॉमिक रिसर्च सेंटर के अखिल भारतीय अध्यक्ष व भूमि अधिग्रहण आयाम के प्रमुख प्रमोद चौधरी, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल, प्रांत संगठन मंत्री भरत पटेल, कार्यालय मंत्री आलोक पटेल, जिला मंत्री धनंजय पटेल, प्रांत उपाध्यक्ष मोहन तिवारी, महानगर अध्यक्ष राजकुमार पटेल, मंत्री अवि जैन, प्रचार प्रमुख मनोज मिश्रा सचिन जैन, पुखराज चंदेल, वीरेंद्र साहू, धरम पटेल, सुनील पटेल, मुकुल पचौरी, भरत पटेल, जितेंद्र पटेल आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# भारत में क्रेनबेरी का शौक: विदेशी आयात से लेकर दैनिक सुपरफ्रूट तक का सफर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रेनबेरी, जो कभी पश्चिमी देशों का फल माना जाता था, आज भारतीय रसोई, सेहतमंद दिनचर्या और सोशल मीडिया फीड्स का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। विदेशी सेहतमंद फल अब सुपरमार्केट में बहुतायत में मिल रहा है और फ्यूज़न बिरयानी, लड्डू और लस्सी की रेसिपी में शामिल होकर तेजी से भारत का नया सुपरफ्रूट बनता चला जा रहा है।

इसबी बढ़ती लोकप्रियता को आँकड़े प्रमाणित करते हैं। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ कमर्शियल इंटैलिजेंस एंड स्टेटिस्टिक्स (डीजीसीआईएस) के मुताबिक भारत में क्रेनबेरी का आयात पिछले दो वित्तवर्षों में 52.28 प्रतिशत बढ़ा, और वित्तवर्ष 2021-22 में 2080 मीट्रिक टन से बढ़कर वित्तवर्ष 2023-24 में 3166 मीट्रिक टन तक पहुँच गया। अमेरिका की क्रेनबेरी में यह वृद्धि और भी ज्यादा है। इसका निर्यात समान अवधि में 61.85 प्रतिशत बढ़ा। इसलिए भारत में क्रेनबेरी के बढ़ते आयात में सबसे बड़ा योगदान अमेरिका दे रहा है।

इस वृद्धि में द क्रेनबेरी इंस्टीट्यूट द्वारा केंद्रित



और रणनीतिक बढ़ावे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह संस्था विश्व में अमेरिकी क्रेनबेरी उत्पादकों का प्रतिनिधित्व करती है। इस संस्था ने व्यापारिक सहयोग, फूड फेस्टिवल, इन्फ्लुएंसर्स के साथ साझेदारी और शेफ्स द्वारा इनोवेशंस की मदद से एक गतिशील दृष्टिकोण अपनाया और क्रेनबेरी को कभी-कभी लिए जाने वाले फल की जगह दैनिक उपयोग के एक महत्वपूर्ण आहार के रूप में स्थापित किया।

## उद्योग जगत के आधार स्तंभ उद्योगपति पोरवाल ने सपत्नीक देहदान की घोषणा की

**भोपाल।** फेडरेशन ऑफ मध्य प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष वीरेंद्र पोरवाल व धर्मपत्नी नैना पोरवाल ने संयुक्त रूप से देहदान करने का निर्णय लिया हैं। वह अभिभाषक स्वर्गीय वरदीचंद पोरवाल के बेटे



तथा युवा उद्योगपति वरुण पोरवाल के पिता है। ग्रे मर्चेंट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष एवं समाजसेवी कांतिलाल चोपड़ा ने बताया कि उद्योग जगत में पहली बार स्वप्रेरणा से सपत्नीक देहदान करने का अनूठा मामला प्रकाश में आया है। उद्योग के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में पोरवाल परिवार सदैव अग्रणी रहता हैं। हाल ही में सागोद जैन तीर्थ की प्राण-प्रतिष्ठा अवसर पर पोरवाल परिवार ने धार्मिक आयोजन किया था। मालवा चेंबर के अध्यक्ष ललित पटवा, संदीप व्यास, इंद्र नारायण झालानी, अशोक तातेड , संजय बाफना, सुभाष जैन, जितेंद्र पाटीदार सहित कई उद्योगपतियों ने आत्मीय भाव से अनुमोदन की !

## लंदन के हाईकोर्ट में नीरव मोदी को बड़ा झटका, जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली/लंदन।** लंदन के हाईकोर्ट ने भारत का वांटेड भगोड़ा पीएनबी घोटाला के आरोपी नीरव मोदी की एक नई जमानत याचिका को खारिज कर दिया। सीबीआई ने नीरव मोदी की जमानत याचिका का कड़ा विरोध किया साथ ही क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस के अधिवक्ता की इसमें मदद की। बता दें कि नीरव मोदी वर्ष 2019 से ब्रिटेन की जेल में बंद है। नीरव मोदी के खिलाफ



6,498.20 करोड़ रुपए के पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी का मामला लंबित है। सीबीआई ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में कहा, नीरव दीपक मोदी द्वारा दायर की गई नई जमानत याचिका को लंदन हाईकोर्ट के किंग्स बेंच डिवीजन ने खारिज कर दिया। क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस के अधिवक्ता ने जमानत की दलीलों का कड़ा विरोध किया। इन अधिवक्ताओं को जांच और कानून अधिकारियों से युक्त एक मजबूत सीबीआई टीम ने सहायता प्रदान की, वे इसी सिलसिले में लंदन गए थे। सीबीआई ने आगे कहा कि भारत नीरव मोदी के प्रत्यर्पण को लेकर प्रयासरत है। पीएनबी बैंक घोटाले में नीरव मोदी और उसके मामा मेहुल चोकसी मुख्य आरोपी है. ईडी ने 2018 में पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी मामले में नीरव मोदी, मेहुल चोकसी और अन्य के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान कई स्थानों पर तलाशी ली गई, जिसमें हीरे, सोना, मोती तथा बहुमूल्य और कीमती पत्थर जब्त किए गए। पंजाब नेशनल बैंक में बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी में शामिल होने का विवरण सार्वजनिक होने से पहले हीरा व्यापारी 2018 में भारत से भाग गया था।

## न्युवोको ने छत्तीसगढ़ के रिस्दा सीमेंट प्लांट में महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया

**रिस्दा, ( छत्तीसगढ़ )।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, क्षमता के मामले में भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह, रिस्दा, छत्तीसगढ़ के रिस्दा सीमेंट प्लांट में महिलाओं के लिए मासिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर रहा है।यह शिविर सरकारी स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्रोजेक्ट तारा के तहत न्युवोको की इस महत्वपूर्ण सीएसआर पहल स्वस्थ भारत के हिस्से के रूप में आयोजित किया जाता है। स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा (क्वालिटी हेल्थकेयर) की उपलब्धता को आसान बनाना है। इनमें मातृ स्वास्थ्य, पुरानी बीमारियों का जल्द पता लगाना, स्वच्छता जागरूकता और पोषण शिक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इस दौरान महिलाओं को निवारक, डायग्नोस्टिक और थेरेप्यूटिक केयर प्रदान करके, ये शिविर सुविधाओं से वंचित समुदायों के लिए स्वास्थ्य सेवा की कमी को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रत्येक शिविर में एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया का पालन किया जाता है, जिसकी शुरुआत रजिस्ट्रेशन और बायोमेट्रिक स्क्रीनिंग (वजन, ऊंचाई, ब्लडप्रेशर और शुगर लेवल सहित) से होती है, इसके बाद लैबोरेट्री टेस्टों और गाइनोकॉलोजिस्ट द्वारा व्यापक कंसल्टेशंस होता है।

## अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप: 18 राज्यों की 2.5 लाख छात्राओं के लिए स्कॉलरशिप दी गई

**बेंगलुरु, एजेंसी।** अज़ीम प्रेमजी फ़ाउण्डेशन ने छात्राओं के लिए अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप की घोषणा की है। छात्राओं को यह स्कॉलरशिप अपनी उच्च शिक्षा (स्नातक) जारी रखने या पाने के लिए प्रदान की जाएगी। इस स्कॉलरशिप की मुख्य विशेषताएँ, अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप के लिए आवेदन करने के लिए छात्रा का किसी सरकारी स्कूल या म्युनिसिपल स्कूल से कक्षा 10 और 12 उत्तीर्ण करना आवश्यक है। यह स्कॉलरशिप पाने वाली छात्राओं को अपनी स्नातक/ डिप्लोमा की पढ़ाई पूरी होने तक हर साल 30,000 रुपये प्रदान किए जाएँगे। अगर कोई छात्रा 4 वर्षों का बीएससी नर्सिंग कोर्स कर रही हैं, तो वह इन चार वर्षों में 1,20,000 रुपयों की सहायता प्राप्त करेगी। यह धनराशि हर साल

## टाटा प्ले बिंज और बीबीसी प्लेयर का गठबंधन भारत में दिलचस्प ब्रिटिश मनोरंजन लेकर आया

**मुंबई, एजेंसी।** टाटा प्ले बिंज ने बीबीसी प्लेयर के साथ साझेदारी की है । इस साझेदारी द्वारा टाटा प्ले बिंज के ग्राहक दुनियाभर में मशहूर ब्रिटिश मनोरंजन प्राप्त कर सकेंगे। वो पुरस्कार विजेता फिल्में और कार्यक्रम देख सकेंगे। यह साझेदारी भारतीय दर्शकों की पसंद का मनोरंजन पेश करने की ओर टाटा प्ले बिंज की एक महत्वपूर्ण पहल है।बीबीसी प्लेयर पर ड्रामा, कॉमेडी, डॉक्युमेंट्री, बच्चों और परिवारों के लिए एनिमेटेड सीरीज़, रोमांचक थ्रिलर और प्रेरणाप्रद कार्यक्रम उपलब्ध हैं। दर्शक बीबीसी के सबसे लोकप्रिय कार्यक्रम जैसे लूथर, प्राइड एंड प्रेज्युडिस, डॉक्टर हू और टॉप गियर के साथ आलोचकों द्वारा सराही गई सीरीज़, जैसे ग्रांड इंडियन होटल, सिटिजन खान, मि. बीन और द ग्रेट ब्रिटिश बेक ऑफ भी देख सकेंगे। खाने-पीने के शौकीनों के लिए मशहूर शेफ निगेला लॉसन का निगेलाज़ कुक, ईट, रिपीट और जेमी ओलिवर का जेमी ओलिवर: कुकिंग फॉर लेस है। बीबीसी प्लेयर पर प्लैनेट अर्थ III जैसे विशेष ऐतिहासिक कार्यक्रम भी हैं। युवाओं के लिए एंडीज़ एक्रेटिक एडवेंचर, जोजो एंड ग्रैन ग्रैन और जूनियर बेक ऑफ जैसे दिलचस्प कार्यक्रम हैं। इसलिए यहाँ पर परिवार के हर सदस्य को कुछ न कुछ मिलेगा। इस साझेदारी के बारे में टाटा प्ले की चीफ कमर्शियल एवं कंटेंट ऑफिसर, पल्लवी पुरी ने कहा, ''यह साझेदारी एक ही जगह दर्शकों को सम्पूर्ण मनोरंजन प्रदान करने का हमारा उद्देश्य प्रदर्शित करती है। हमारी पेशकशें बीबीसी स्टूडियो की शानदार कहानियों और कार्यक्रमों के साथ और ज्यादा मजबूत होंगी। हमें विश्वास है कि दर्शकों को यह साझेदारी बहुत पसंद आएगी। स्टेनली फर्नांडिस, वाईस प्रेसिडेंट डिस्ट्रीब्यूशन, साउथ एशिया, बीबीसी स्टूडियोज़ ने कहा, ''हमें टाटा प्ले बिंज के साथ बीबीसी प्लेयर को और ज्यादा घरों तक पहुँचाने की खुशी है। हम बेहतरीन ब्रिटिश मनोरंजन प्रदान करते हैं। हमारे पास दिलचस्प ड्रामा, आकर्षक लाईफस्टाईल शो और बच्चों के पसंदीदा कार्यक्रम एक ही जगह उपलब्ध हैं।

## कीमतों में आया बड़ा बदलाव, सोने में 1200 रुपए प्रति 10 ग्राम का उछाल

**नई दिल्ली।** मई में सोने व चांदी की कीमतों में बदलाव का क्रम जारी है। अगर आप आज शुक्रवार को सोना या चांदी खरीदने के लिए बाजार जा रहे है तो 16 मई का ताजा भाव जान लीजिए। आज सोने की कीमतों में 1200 प्रति 10 ग्राम का उछाल आया है, लेकिन चांदी के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। नई कीमतों के बाद सोने के दाम 95 हजार और चांदी के भाव भी 97 हजार के पार ट्रेंड कर रहे है। शुक्रवार को सराफा बाजार की ओर जारी सोने और चांदी कीमत के अनुसार आज 22 कैरेट सोने के दाम 87,350 , 24 कैरेट का भाव 95, 280 और 18 ग्राम सोने का रेट 71,470 रुपए पर ट्रेंड कर रहे है। वहीं 1 किलो चांदी का रेट 97,000 रुपए चल रहा है।

### 10 ग्राम सोने की कीमत

दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 71 470/- रुपये। कोलकाता और मुंबई सराफा बाजार में 71, 350/- रुपये। इंदौर और भोपाल में सोने का



भाव 71, 390 चल रहा है। चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 71, 850/- रुपये पर ट्रेड कर रही है।

### 22 कैरेट सोने का भाव

भोपाल और इंदौर में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 87, 250/- रुपये । जयपुर, लखनऊ, दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 87, 350/- रुपये । हैदराबाद, केरल, कोलकाता, मुंबई सराफा बाजार में 87, 05200/- रुपये ट्रेंड कर रहा है।

### 24 कैरेट सोने का भाव

भोपाल और इंदौर में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 95,180 रुपये दिल्ली जयपुर लखनऊ और चंडीगढ़ सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 95, 280/- रुपये। हैदराबाद, केरल, बैंगलुरू और मुंबई सराफा बाजार में 95, 130/- रुपये । चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 95,130/- रुपये पर ट्रेंड कर रहा है।

### चांदी का भाव

जयपुर कोलकाता अहमदाबाद लखनऊ मुंबई दिल्ली सराफा बाजार में 01 किलोग्राम चांदी की कीमत 97,000 /- रुपये चल रही है। चेन्नई, मदुरै , हैदराबाद,और केरल सराफा बाजार में कीमत 1,08,000/- रुपये। भोपाल और इंदौर में 1 किलो चांदी की कीमत 97,000/ रुपए ट्रेंड कर रही है।

**सोना खरा है या नहीं, कैसे चेक करें:** आईएसओ द्वारा सोने की शुद्धता पहचानने के लिए हॉल मार्क दिए जाते हैं। 24 कैरेट गोल्ड 99.9 प्रतिशत शुद्ध होता है और 22 कैरेट लगभग 91 प्रतिशत शुद्धता होती है। 24 कैरेट सोने में 1.0 शुद्धता (24/24 = 1.00) होनी चाहिए। 22 कैरेट गोल्ड में 9त्न अन्य धातु जैसे तांबा, चांदी, जिंक मिलाकर जेवर तैयार किए जाते हैं। 22 कैरेट सोने में 0.916 शुद्धता (22/24 = 0.916) होनी चाहिए। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999, 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है। 24 कैरेट में कोई मिलावट नहीं होती, इसके सिक्के मिलते है, लेकिन 24 कैरेट सोने के आभूषण नहीं बनाए जा सकते, इसलिए ज्यादातर दुकानदार 18, 20 और 22 कैरेट सोना बेचते हैं। सटीक दरों के लिए अपने स्थानीय जौहरी या ज्वेलर्स शॉप से संपर्क करें।

## योगी सरकार का नकली दवा माफिया पर प्रहार, 30.77 करोड़ की दवाएं जब्त 68 गिरफ्तार, 1166 लाइसेंस रद्द



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नकली दवा कारोबार के खिलाफ योगी सरकार ने बड़ा अभियान छेड़ते हुए अब तक 30 करोड़ 77 लाख रुपये की नकली दवाएं जब्त कर ली हैं। इस कार्रवाई में 68 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, वहीं 1166 दवा कारोबारियों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं।

इसके साथ ही 6 दवा निर्माण कंपनियों और 5 ब्लड बैंकों के लाइसेंस भी रद्द कर दिए गए हैं। सरकार की इस सख्त कार्रवाई के तहत लखनऊ, आगरा और गाजियाबाद जैसे प्रमुख शहरों में नकली दवा कारोबार का भंडाफोड़ हुआ है। जब्त की गई वस्तुओं में ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन, नारकोटिक्स दवाएं और नकली कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में नकली दवाएं बेचने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि इस अभियान को और अधिक तेज किया जाएगा, ताकि प्रदेश को नकली दवाओं से मुक्त किया जा सके। आयुर्वेदिक के नाम पर एलोपैथिक दवाएं विभाग ने 14 संदिग्ध नमूनों की जांच शुरू की है।

### कहां-कहां से की गई दवाओं की जब्ती

- आगरा 5 नवंबर 2024 को 1.36 करोड़ रुपये की नकली दवाएं बरामद।
- गाजियाबाद 6 फरवरी 2025 को 0.9 करोड़ रुपये की नारकोटिक्स औषधियों की खेप पकड़ी गई।
- बरेली से बड़ी मात्रा में नकली कॉस्मेटिक उत्पाद बरामद हुए।

## पुष्पवर्षा कर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया

**भोपाल।** न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति ने न्यू मार्केट, रोशनपुरा चौराहे पर भव्य मंच से पुष्पवर्षा कर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया इस मौके पर समिति के सतीश गंगराड़े,पवन वरदानी, अजय देवनानी, प्रदीप गुप्ता सहित व्यापारी बंधुओ ने तिरंगा यात्रा में सहभागिता कर भारतीय सेना के शौर्य एवम पराक्रम का अभिनंदन किया।




## एचडीएफसी बैंक ने भारत के बढ़ते एमएसएमई उद्यमों को सशक्त बनाने के लिए बिज़+ करंट एकाउंट्स लॉन्च किए

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने चालू खाता जमा में अपने नए बिज़+ करंट एकाउंट्स के लॉन्च की घोषणा की है। यह भारतीय व्यवसायों की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए चालू खाता पेशकशों के एक नई पहल है। खातों की इस रेंज का उद्देश्य पहले दिन से ही पूरे बैंक को ग्राहक तक लाकर व्यवसायों को सशक्त बनाना है। प्रत्येक बिज़+ चालू खाता नकद प्रबंधन सेवाओं, सहज डिजिटल बैंकिंग प्लेटफ़ॉर्म और समर्पित बैंक/रिलेशनशिप मैनेजर सहायता सहित मुख्य लाभों से सुसज्जित है।

## शैनन के ने 'मिशन इम्पॉसिबल 8' के कान्स प्रीमियर में जोश बर्च जोन्स के कस्टम रेड गाउन में मचाया धमाल

**दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय सिंगर और एक्ट्रेस, और लेजेंड्री सिंगर कुमार सानू की बेटी शैनन के ने मिशन इम्पॉसिबल 8 के कान्स फिल्म फेस्टिवल प्रीमियर में अपनी मौजूदगी से सबका ध्यान खींचा। उन्होंने ब्रिटिश डिज़ाइनर जोश बर्च जोन्स द्वारा डिजाइन किए गए शानदार कस्टम रेड गाउन में रेड कार्पेट पर सबको चौंका दिया। यह खूबसूरत गाउन खासतौर पर लंदन से मंगवाया गया था, जिसमें बर्च जोन्स की सिग्नेचर स्टाइल – स्ट्रक्चर्ड एलीगेंस और मॉडर्न ग्लैमर – का बेहतरीन मेल देखने को मिला। ब्रिटिश फैशन काउंसिल के सबसे कम उम्र के और मशहूर मेंबर्स में से एक, जोश ने शैनन के के साथ मिलकर यह खास लुक डिजाइन किया। उनका यह रेड गाउन अपनी टाइमलेस खूबसूरती और बोल्ड रंग की वजह से खूब सराहा गया। कान्स हमेशा मेरे लिए एक जादुई अनुभव रहा है, लेकिन इस बार कुछ और ही खास था, शैनन ने कहा। जोश बर्च जोन्स का यह रेड गाउन पहनना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात रही। मैं खुश हूं कि मुझे



फैशन और फिल्मों की इस ग्लोबल बातचीत का हिस्सा बनने का मौका मिला। इससे पहले शैनन ने वैनिटी फेयर लंच में भी स्टाइलिश उपस्थिति दर्ज कराई, जिससे यह साफ हो गया कि वे इंटरनेशनल एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में तेजी से उभरती एक प्रभावशाली शख्सियत बन रही हैं। रेड कार्पेट इवेंट्स के अलावा, शैनन जल्द ही फिल्म तन्वी द ग्रेट की कास्ट और क्रू के साथ कान्स में जुड़ेंगी। यह फिल्म दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर के निर्देशन में बनी है, और इसमें शैनन ने ऑस्कर विनर एम.एम. कीरवानी (आरआरआर) द्वारा कंपोज किए गए एक भावुक गाने को अपनी आवाज दी है। यह उनके क्रॉस-कल्चरल करियर में एक अहम उपलब्धि है। इस साल कोचेला में परफॉर्म करने से लेकर ग्लोबल फिल्म प्रीमियर और म्यूजिक कोलैबोरेशन तक, शैनन के लगातार अपनी पहचान बना रही हैं – अपनी प्रतिभा, अंदाज़ और ग्लोबल अपील के साथ, और अपने पिता कुमार सानू को गर्व महसूस करा रही हैं।

## बांस उत्पादों में फिनिशिंग और मार्केटिंग पर दिया जाएगा विशेष जोर: कलेक्टर

- छिदगांव में टिमरनी बांस मेला एवं प्रदर्शनी का कलेक्टर ने किया शुभारंभ
- सर्च एंड रिसर्च डेवलेपमेंट सोसाइटी ने किया मेले का आयोजन

**छिदगांव (हरदा)।** टिमरनी तहसील के ग्राम छिदगांव मेल में गुरुवार को टिमरनी बांस मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने किया। कार्यक्रम का आयोजन सर्च एंड रिसर्च डेवलेपमेंट सोसायटी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर जैन ने कहा कि बांस उत्पादों की फिनिशिंग और मार्केटिंग को सशक्त बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि डिजिटल और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से बांस उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराया जा सकता है। उन्होंने बैंबू टेक्नोलॉजी सेंटर का भ्रमण कर वहां उपलब्ध मशीनों और संसाधनों की जानकारी ली तथा अधिक से अधिक तकनीकी संसाधनों के उपयोग पर बल दिया। जैन ने स्थानीय कारीगरों और स्वसहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित बांस उत्पादों की सराहना की और कहा कि ग्रामीण कारीगरों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना होगा ताकि उत्पादों की गुणवत्ता और उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो सके। उन्होंने इस आयोजन के लिए सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. मोनिका जैन एवं सचिव डॉ. अनिल सिरवैया की



सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन कारीगरों को एक्सपोजर देने के साथ ही उनके लिए नवीन संभावनाओं के द्वार खोलते हैं। ग्राम पंचायत छिदगांव मेल के सरपंच श्री प्रताप सिंह राजपूत ने कहा कि इस आयोजन से ग्रामवासियों को आजीविका और स्वरोजगार के नए अवसर मिलेंगे। ग्राम पंचायत संस्था की इस पहल में पूर्ण सहयोगी रहेगी। डॉ. मोनिका जैन ने जानकारी दी कि भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से यह बैंबू टेक्नोलॉजी सेंटर स्थापित किया गया है, जो कॉमन फैसिलिटी सेंटर के रूप में काम करेगा। संस्था के सचिव एवं डीआईसीसीआई के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनिल सिरवैया ने बताया कि हरदा जिले में बांस उद्योग के लिए अपार संभावनाएं हैं। संस्था जिले में बैंबू इंडस्ट्रियल क्लस्टर विकसित करने पर कार्य कर रही है, जिसमें अगरबत्ती, धूपबत्ती, फर्नीचर एवं अन्य बांस उत्पादों की निर्माण इकाइयां स्थापित की जाएंगी। इससे निवेश और रोजगार दोनों को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट बांस कारीगरों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त तहसीलदार लक्ष्मीनारायण बछोतिया, सेंटर प्रभारी अर्पित बछोतिया, डॉ. राजीव जैन, आजीविका मिशन से अभिजीत मिश्रा व राधेश्याम जाट, वन विभाग से श्री दिनेश जी, सोसाइटी से मदन लाल खटीक, रेणु जैन, मणि जैन, सागर मसानी तथा स्थानीय किसान, कारीगर एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अर्पित बिछोतिया ने किया। आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त डा.राजीव जैन ने किया।

## टाटा मोटर्स और वर्टेलो ने इलेक्ट्रिक लीजिंग समाधान पेश करने के लिए किया एमओयू

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी कमर्शियल वाहन निर्माता कंपनीटाटा मोटर्सने विशेष इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधान प्रदातावर्टेलोके साथ एकसमझौता ज्ञापन (एमओयू)पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका उद्देश्य देशभर में ग्राहकों के लिए इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों को और अधिक सुलभ बनाना है। इस साझेदारी के तहत, वर्टेलो फ्लीट मालिकों को कस्टमाइज्ड लीजिंग समाधान देगा, जिससे वे बिना रुकावट इलेक्ट्रिक और स्थायी परिवहन की ओर बढ़ सकें। यह समाधान टाटा मोटर्स के पूरे इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहन पोर्टफोलियो पर लागू होंगे। इस साझेदारी की घोषणा करते हुएटाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स के वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड - ट्रक्स, श्री राजेश कौलने कहा,टाटा मोटर्स का उद्देश्य इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को सभी के लिए सुलभ बनाना है। वर्टेलो के साथ यह सहयोग हमारे आधुनिक इलेक्ट्रिक वाहनों को ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक पहुंचाएगा। इससे न केवल पर्यावरण-अनुकूल परिवहन को अपनाने की रफ्तार बढ़ेगी, बल्कि देश में एक मजबूत ईवी



ईकोसिस्टम को भी मजबूती मिलेगी। वर्टेलो के सीईओ श्री संदीप गंभीरने कहा,हम टाटा मोटर्स के साथ साझेदारी करके बसों, ट्रकों और मिनी ट्रकों जैसी इलेक्ट्रिक गाड़ियों को तेजी से अपनाने में सहयोग कर रहे हैं। यह सहयोग विशेष लीजिंग समाधानों और टिकाऊ परिवहन को बढ़ावा देगा, जिससे कमर्शियल वाहन ऑपरेटरों के लिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी एक स्वाभाविक विकल्प बन सकेगा।

## देश के वीर जवानों के सम्मान में निकलेगी तिरंगा यात्रा



**छिंदवाड़ा।** दशहरा मैदान से 16 मई को शाम 5 बजे निकलने वाली विशाल तिरंगा यात्रा के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ शहर के निवासियों को आमंत्रित किया। शहरवासियों को आमंत्रित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि देश के जवानों का सम्मान में तिरंगा यात्रा में अवश्य पधारें।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ भाजपा नेता धर्मेन्द्र मिगलानी, विजय पांडे, अजय सक्सेना, गुरजीत सिंह शंटी बेदी, दिवाकर सदारंग, संदीप चौहान, बंटी सक्सेना, दिनेश मालवी, दिन्शु यादव, अंकित सोलंकी, शैलेन्द्र मालवी, अखिलेश वर्मा, कार्यकर्तागण एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।

## नगर पालिका डोंगर परासिया द्वारा जल स्त्रोतों की साफ सफाई



**परासिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 जन भागीदारी अंतर्गत नगर पालिका डोंगर परासिया द्वारा जल स्त्रोतों की साफ सफाई कर एवं विकास कार्य जा रहे हैं इसी क्रम में आज दिनांक 15 5.2025 को वार्ड क्रमांक 7 में स्थित भुजलिया घाट की साफ सफाई का कार्य निकाय एवं जन भागीदारी के माध्यम से करवाया गया जिसमें प्रमुख रूप से नाले की सफाई कार्य कर कचरा हटाया गया एवं उसकी गाद हटाई गई नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने नगर की जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने घरों में अपने आस पास साफ सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखें जिससे हम स्वस्थ रहेंगे उपरोक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से माननीय अध्यक्ष महोदय श्री विनोद मालवीय नगर पालिका परासिया उपाध्यक्ष महोदय श्री महेश समकुमार लोक स्वास्थ्य विभाग सभापति श्री संतोष डेहरिया, सुश्री साक्षी वाजपेई मुख नगर पालिका अधिकारी ,श्री राजेंद्र सोनी नोडल अधिकारी एवं निकाय के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे*।

## दसवीं बोर्ड परीक्षा में कु.कनिका चौरिया का जिले में तीसरा स्थान



**छिन्दवाड़ा।** चौरई विकास खंड के ग्राम सालई छिंदी निवासी पूर्व सरपंच दिनेश पटेल चौरिया एवं पूर्व सरपंच श्रीमती मंजू चौरिया की पुत्री ग्रीनवूड पब्लिक स्कूल चाँद में अध्ययनरत छात्रा कुमारी कनिका चौरिया ने दसवी बोर्ड परीक्षा में 97.60 प्रतिशत अंक लेकर छिंदवाड़ा जिले की प्रावीण्य सूची में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कलेक्टर छिन्दवाड़ा, विद्यालय के गुरुजनों सहित विद्यार्थियों ने उन्हें बधाई दी। कुमारी कनिका चौरिया ने सफलता का श्रेय गुरुजनों एवं माता पिता को दिया।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग के पदक विजेताओं को दी बधाई



**छिंदवाड़ा।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव बीते दिनों रतलाम में संपन्न हुई राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के पदक विजेताओं से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शैलेंद्र सेवेतिया व तुषार कदम ने स्वर्ण पदक, सोहेब शेख ने रजत पदक एवं प्रियांशु पहाडे और आयुष नागलेग ने कांस्य पदक जीता। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ अनुज पाटकर, अजय सक्सेना, गुरजीत सिंह बेदी, विजय पांडे, शैलेंद्र मालवी .उपस्थित रहे।

## किरार समाज की अनुकरणीय पहल मृत्यु भोज की जगह हुई श्रद्धांजलि सभा

**छिंदवाड़ा।** अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा के युवा जिलाध्यक्ष भीमसिंह चौरे ने बताया कि जिले के चांद क्षेत्र के बेलगांव निवासी कृष्णा पटेल, नामदेव पटेल, रामेश्वर पटेल की माताजी स्व.श्रीमती सुदामा बाई का दिनांक- 30 अप्रैल 2025 को देवलोक गमन हो गया था। जिला धाकड़ किरार समाज छिंदवाड़ा संगठन के निर्णय की पहल पर पटेल परिवार द्वारा समाज सुधार की दिशा में निर्णय लेते हुए मृत्युभोज की जगह श्रद्धांजली सभा का आयोजन दिनांक 13/5 /2025 दिन मंगलवार को निज निवास बेलगांव( छिंदवाड़ा) में रखा गया था। किरार समाज संगठन द्वारा क्षेत्र में ऐसे श्रद्धांजलि सभा जैसे आयोजनों से मृत्यु भोज जैसी कुरीति का उन्मूलन होगा एवं समाज आर्थिक रूप से सशक्त होगा।

## कफन दफन के लिए तरसता रहा अज्ञात शव,

**अंतिम संस्कार के लिए नहीं आई कोई स्वयं से भी संस्थाएं**

**अमरवाड़ा।** थाना अंतर्गत सिंगोडी चौकी के ग्राम बांका मुकाश की एक खेत में अज्ञात व्यक्ति का नग्न शव पड़े होने की खबर पर ग्राम कोटवार में पुलिस चौकी सिंगोड़ी को खबर दिया इस पर पुलिस द्वारा शव को सिंगोडी लाया गया बुधवार सोमवार से गुरुवार दोपहर 3 बजे तक अमरवाड़ा सिंगोड़ी बांका कोई भी स्वयं सेवी संस्थान ने उस शव को अंतिम संस्कार के लिए तैयार नहीं हुआ पोस्टमार्टम गृह में रखा रहा वह मशक्कत शव को सुबह 11 बजे शमशान घाट लाया गया लेकिन नगर पालिका ग्राम पंचायत स्वास्थ्य विभाग राजस्व विभाग किसी ने भी उसे शव को दफनाने की जरूरत नहीं समझी वह मुश्किल बड़े मान मनोबल के बाद नगर पालिका प्रशासन के द्वारा 4 बजे जेसीबी मुहर कराई गई उसके पश्चात शाम को शव को दफनाया गया।

# जिले का हर नागरिक एक सैनिक की तरह निभाए अपना दायित्व: कलेक्टर

### घबराने की जरूरत नहीं, लेकिन सतर्क रहें, तैयार रहें: कलेक्टर रात 11.30 बजे तक ही खुली रह सकेंगी शहर की दुकानें

**छिन्दवाड़ा।** जिले में वर्तमान स्थिति एवं आगामी पर्वो को ध्यान में रखते हुये विचार-विमर्श के लिये गुरूवार को कलेक्टर शीलेंद्र सिंह की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक अजय पांडे की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकआयुष गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, नगर निगम, विद्युत, स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और जिला शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में विचार विमर्श उपरांत सर्व सम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। साथ ही देश की वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत जिले की तैयारियों की जानकारी से अवगत कराया गया और शांति समिति के सदस्यों के माध्यम से सभी जिलेवासियों से पूर्ण सहयोग की अपेक्षा की गई है।

#### बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

वर्तमान स्थितियों के दृष्टिगत जिले के नागरिकों को सुरक्षा और शांति व्यवसाय के दृष्टिगत बैठक में निर्णय लिया गया कि शहरी क्षेत्र की दुकानें को भी रात्रि 11.30 तक बंद करना अनिवार्य रहेगा। केवल अस्पताल के आस पास के मेडिकल स्टोर और आइस क्रीम पार्लर को आधे घंटे का अतिरिक्त समय दिया गया है, लेकिन उन्हें भी रात्रि 12 बजे तक दुकानें बंद करनी होंगी। असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को रोकने के लिए रात्रि के समय पार्कों में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

#### सतर्क रहें, तैयार रहें

बैठक में कलेक्टर सिंह ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश की वर्तमान स्थितियों के दृष्टिगत जिले में किसी आपदा की स्थिति से निपटने के लिए जिले का



सिविल डिफेंस प्लान तैयार कर लिया गया है। विद्युत, स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम सहित विभिन्न विभागों के दायित्व निर्धारित करते हुए तैयारियां करा ली गई हैं। सभी शासकीय सेवकों की छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं। केवल विशेष परिस्थितियों में ही छुट्टियां स्वीकृत की जाएंगी। अग्निशामक, सायरन, ट्रॉमा यूनिट, एम्बुलेंस आदि की व्यवस्था कर ली गई है।

#### धीमी-तेज पिच वाला सायरन बजे, तो हो जाएं सतर्क

कलेक्टर सिंह ने बताया कि शहर के विभिन्न स्थानों पर सायरन इंस्टालेशन का कार्य किया जा रहा है। खतरे का सायरन धीमी-तेज आवाज वाला होता है, जब भी यह सुनाई दे तो सतर्क हो जाएं और यथाशीघ्र नजदीकी सुरक्षित स्थान पर पहुंच जाएं। सड़कों में , खुले स्थानों में न रहें। सामान्य स्थिति का संकेत देने वाला सायरन 2 मिनिट का लेकिन एक सी पिच वाला होता है। कलेक्टर ने शांति समिति के सभी सदस्यों और जिले के सभी नागरिकों से देश और जिले की सुरक्षा के दृष्टिगत किसी आपात स्थिति में इन निर्देशों का पूरी तरह पालन करने की अपेक्षा की है। देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने किसी क्षेत्र में संदेहास्पद व्यक्ति दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की अपील भी की है। शासन के निर्देशानुसार अभी तक बड़ी संख्या में वॉलेंटियर्स द्वारा आगे आकर अपना पंजीयन करा लिया गया है और 1000 वॉलेंटियर्स को ट्रेनिंग भी दे दी गई हैं। उन्होंने कहा कि हमें घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन सतर्क रहें, तैयार रहें,सुरक्षित रहें। जिले का हर नागरिक एक सैनिक की तरह दायित्व निभाए।

#### अफवाहों पर न दें ध्यान, पुष्टि कर ही विश्वास करें

पुलिस अधीक्षक पांडेय ने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा सभी सोशल मीडिया हैंडल्स पर नजर रखी जा रही है। जिला दंडाधिकारी द्वारा सोशल मीडिया पर नियंत्रण के लिए धारा 163 पूर्व से ही लागू की जा चुकी है। ऐसे में भ्रामक खबरें, गलत जानकारी, अफवाहें फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस प्रशासन की व्यवस्थाएं किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए चाक - चौबंद हैं। सभी नागरिक भी इसमें पूरा सहयोग करें। अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। अधिकृत व्यक्तियों से पुष्टि कराने के बाद ही किसी सूचना पर विश्वास करें और उसे आगे फैलाएं।

#### शुक्रवार को सायरन की टेस्टिंग, घबराएं नहीं

नगर निगम आयुक्त श्री सी. पी.राय ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर के विभिन्न स्थानों पर सायरन इंस्टॉल किए गए हैं, शुक्रवार को दोपहर 12 बजे तक उनकी टेस्टिंग की जाएगी। इसीलिए इससे घबराएं नहीं, यह केवल टेस्टिंग के लिए है।

डिजिटल इंडिया की ओर अग्रसर भारतीय रेलवे...

## डिजिटल पेमेंट अपनाने हेतु हेल्प-डेस्क की जानकारी दी



**छिंदवाड़ा।** भारतीय रेलवे यात्रियों को डिजिटल माध्यम से सुविधाजनक टिकटिंग सेवा प्रदान करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। इसी दिशा में अनारक्षित टिकटिंग व्यवस्था को सरल, तेज़ और कतारों से मुक्त बनाने के उद्देश्य से %यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से बिना लाइन लगाए घर बैठे सभी स्टेशनों के लिए अनारक्षित टिकट बुकिंग, मासिक सीजन टिकट का नवीनीकरण एवं प्लेटफॉर्म टिकट की बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह के मार्गदर्शन में नागपुर मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा इस ऐप के प्रचार-प्रसार हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 15 मई 2025 को छिंदवाडा रेलवे स्टेशन पर हेल्प-डेस्क की स्थापना कर टिकट चेकिंग एवं बुकिंग स्टाफ द्वारा डिवीजनल रेलवे यूज़र्स कंसल्टेटिव कमेटी एवं स्टेशन कंसल्टेटिव कमेटी के सदस्यों के सहयोग से यात्रियों को 'यूटीएस ऑन मोबाइल' ऐप के प्रयोग से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। यात्रियों को इस ऐप के माध्यम से होने वाले लाभों जैसे कतारों से मुक्ति, डिजिटल पेमेंट की सुविधा, समय की बचत, ऐप के जरिए आर-वॉलेट रिचार्ज करने पर पहले 3 प्रतिशत बोनस, चिल्लर समस्या से मुक्ति आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान कर उन्हें इस सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह ने यात्रियों से अपील की है कि वे अनारक्षित टिकट की खरीदी हेतु 'यूटीएस ऑन मोबाइल' ऐप /क्यू आर बारकोड का अधिकाधिक उपयोग करें एवं डिजिटल पेमेंट माध्यमों को अपनाकर अपनी यात्रा को सरल, सुविधाजनक एवं समयबद्ध बनाएं।

## गैस गोदाम सटा ट्रांसफार्मर में लगी आग नपा फायर टीम ने बुझाई

### सक्रियता से दुर्घटना टली



**सारनी।** नगर पालिका सारनी के फायर स्टेशन में दोपहर करीब 12.50 बजे फोन पर सूचना मिली कि वार्ड क्र. 1 इंडेन गैस गोदाम के करीब ट्रांसफार्मर में आग लग गई है। मिली सूचना को संवेदन शील मानते हुए नगर पालिका की फायर ब्रिगेड तत्काल घटना स्थल के लिए रवाना हुई। यहां टीम ने त्वरित महज 5 मिनट में आग पर काबू पाया। दरसल आपत स्थिति को देखते हुए यह पूरा घटनाक्रम मॉक ड्रिल का एक हिस्सा थी। नपा सारनी द्वारा 14 मई को निकाय क्षेत्र में मुख्य सी एम ओ सी.के.मेश्राम के मार्ग दर्शन में आपात स्थिति से निपटने की पूर्व तैयारियों को लेकर मॉक ड्रिल आयोजन किया गया। चूँकि आग गैस गोदाम के पास आग का लगना संवेदन शील मामला था। पश्च्यात ट्रांसफार्मर केबल से झाड़ियों और आस-पास की घास-फूस में फैली आग को मॉनीटर एवं होज पाइप के माध्यम से बुझाया गया। मॉक ड्रिल म.प्र. पॉ. जन. कं. के रिटायर सहायक अग्निशमन अधिकारी एस. के. तालमपुरिया के निर्देशन में की गई। मॉक ड्रिल का कुल बाइंडअप टाइम 15 मिनट रहा गया। बाइंडअप टाइम में फायर वाहन आग बुझाकर वापस फायर स्टेशन पहुंच गया था। इस मॉक ड्रिल में वाहन प्रभारी सुखदेव बोरहपी एवं फायर विभाग की पूरी टीम मौजूद रही। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम ने बताया कि आपत स्थिति से निपटने के लिए नगर पालिका द्वारा समय-समय पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाता है। जागरूकता अभियान के तहत आग लगने संदिग्ध वस्तु दिखाई देने या अन्य घटना सामने आये तो आमजन डायल-100, स्थानीय पुलिस थाना,फायर स्टेशन को सूचना देने की नपा ने आमजन से आपील की है।

## कन्हान काम्पलेक्स की लोकसुनवाई में अधिकारियों ने निभाई औपचारिकता

### पर्यावरण को लेकर लोक सुनवाई में किसानों ने की नाराजी व्यक्त, कई किसानों को बोलने नहीं दिया गया, महज एक घंटे में सिमट गई लोक सुनवाई

छिंदवाड़ा। क्षेत्रीय कार्यालय छिन्दवाड़ा पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा सिंचाई विभाग की प्रस्तावित सीआईसी बैलेंसिंग जलाशय परियोजना कन्हान उप क्षेत्र तहसील एवं जिला पांढुर्ना की पर्यावरण स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई ग्राम खड़की, तहसील व जिला पांढुर्ना में आयोजित की गयी जिसमे उक्त परियोजना से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में जन सामान्य से विचार सुझाव, आपत्ति , टिका टिप्पणी इत्यादि आमंत्रित किये गये लोक सुनवाई के दौरान परियोजना से प्रभावित किसान परिवारों में जमीन के मुआवजे एवम पुनर्स्थापन को लेकर नाराजगी नजर आयी। छिन्दवाड़ा प्रदूषण विभाग, सिंचाई विभाग ने जन मानस को वास्तविक तथ्यों से अनभिज्ञ रख कर प्रशासन की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास कर लोक सुनवाई आयोजित की।जो ग्राम डैम से प्रभावित हो रहे है उन्ही ग्रामवासियों को बोलने का अवसर दिया गया डूब क्षेत्र से प्रभावित लोगों के अलावा किसी को भी बोलने नही दिया गया जबकि अखबार में प्रकाशित सूचना में आम जन मानस से सुझाव, विचार, आपत्ति मांगी गयी थी उसमें कंही नही लिखा था कि केवल डूब क्षेत्र के व्यक्ति ही बात रख सकते है । पांढुर्ना के कुछ सामाजिक लोगो ने अपनी



बात रखनी चाही तो उन्हें सुनने से मना कर दिया गया पांढुर्ना निवासी प्रकाश सिरस्कर, श्रीमती प्रेरणा धुर्वे, दिलीप सावदे आदि बड़ी संख्या में लोग लोकसुनवाई से रूष्ट हो कर चले गये उनकी यह शिकायत थी कि वे बड़ी उम्मीद से अपनी बात रखने आये थे उनका कहना है कि पर्यावरण अध्यन 10 कि. मी. के दायरे में किया गया है पांढुर्ना भी उसी दायरे में आता है तो फिर उन्हें अपनी बात रखने से क्यो वंचित रखा गया। नानंदवाड़ी निवासी संजय इरपाची का कहना पड़ा कि पर्यावरण अध्यन से सम्बंधित कोई भी रिपोर्ट पंचायतो को उपलब्ध नही कराई गई तो ग्रामीण कैसे अपनी बात रखे।ग्राम पंचायत भूयारी के सरपंच ने जमीन अधिग्रहण को लेकर अपनी बात रखनी चाही तो उन्हें यह कह कर शांत कर दिया गया कि सिर्फ पर्यावरण के संबंध में ही अपनी बात रखे लोकसुनवाई समिति की ओर से ग्रामीणों को संतोषजनक जवाब प्राप्त नही हुए।समाजसेवी एवं परियोजना मामलों के जानकार जितेंद्र सिंह चौहान का कहना पड़ा कि उन्होंने अपने जीवन मे पहली बार किसी लोकसुनवाई में केंद्र सरकार द्वारा जारी 14 सितंबर 2006 के ईआईए नोटिफिकेशन को हिटलर रवैय्ये द्वारा होते हुए देखा है। श्री चौहान ने इस लोकसुनवाई को फर्जी करार दिया तथा शासन से ऐसी लोक सुनवाई को निरस्त करने की मांग की ।

## पुलिस हिरासत में मौत पर 8 महीने बाद भी कार्रवाई नहीं, एसी ने फटकार लगाकर मामला सीबीआई को सौंपा

### गुना जिले के म्याना पुलिस थाने की इस घटना में आरोपी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई के निर्देश

**गुना।** गुना जिले के म्याना थाने में पुलिस हिरासत में एक युवक की मौत पर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को जमकर फटकार लगाई। 8 महीने पहले की इस घटना में अभी तक आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई और न उन्हें गिरफ्तार ही किया गया। चोरी के आरोप में पकड़े गए इस युवक के चाचा जो चश्मदीद गवाह है, वो अभी तक हिरासत में है। उसने भी अपनी जान को खतरा बताया है।

पुलिस हिरासत में कथित रूप से 24 साल के युवक की मौत मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने केस में आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सरकार द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर नाराजगी जताई। इस मामले में जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने सीबीआई के क्षेत्राधिकार वाले पुलिस अधीक्षक को तत्काल मामला दर्ज करने और देवा पारधी की हिरासत में मौत की निष्पक्ष, पारदर्शी और त्वरित जांच सुनिश्चित करने का निर्देश देने को कहा।

पीठ ने कहा कि हिरासत में मौत के लिए जिम्मेदार पाए गए पुलिस अधिकारियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए और आज से एक महीने के अंदर यह गिरफ्तारी हो जानी चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि जांच भी आरोपी की गिरफ्तारी की तारीख से 90 दिनों की अवधि के भीतर पूरी की जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बोला एफआईआर दर्ज हुए करीब आठ महीने हो चुके हैं। लेकिन, आज तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया। इन परिस्थितियों से इस बात का अनुमान स्पष्ट रूप से लगाया जा सकता है कि स्थानीय पुलिस द्वारा निष्पक्ष और



पारदर्शी तरीके से जांच नहीं की जा रही है और अगर जांच राज्य पुलिस के हाथों में छोड़ दी जाती है, तो अभियोजन पक्ष के आरोपियों के अधीन होने की पूरी संभावना है, जो जाहिर तौर पर सौहार्द के कारण अपने ही साथी पुलिसकर्मियों को बचा रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश हिरासत में मारे गए युवक देवा की मां और मौसी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। इस याचिका में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें उसने जांच को किसी अन्य एजेंसी को सौंपने और हिरासत में यातना के एकमात्र चश्मदीद गवाह गंगाराम पारधी को जमानत पर रिहा करने का निर्देश देने से इंकार कर दिया था। याचिका के अनुसार, देवा को उसके चाचा गंगाराम के साथ चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया था, वे अभी भी न्यायिक हिरासत में है।

**मौत दिल का कारण दिल का दौरा बताया:** याचिका में आरोप लगाया गया है कि पुलिस ने देवा को बुरी तरह प्रताड़ित किया और उसकी हत्या कर दी। जबकि, पुलिस का कहना है कि देवा की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई थी। उधर मध्य प्रदेश सरकार का पक्ष रखते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि मामले में शामिल दो पुलिस अधिकारियों का तबादला पुलिस लाइन में कर दिया गया है। वहीं शीर्ष अदालत ने कहा कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है। लेकिन, हिरासत में युवक की मौत के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों में से एक को भी आज तक गिरफ्तार नहीं किया गया। देवा पारधी की हिरासत में मौत के एकमात्र गवाह गंगाराम पारधी ने पुलिस और जेल अधिकारियों के हाथों गंभीर खतरे की आशंका जताई थी।

**पोस्टमार्टम पर भी कोर्ट ने उंगली उठाई:** पीठ ने कहा कि देवा पारधी की हिरासत में मौत का आरोप म्याना पुलिस स्टेशन (जिला गुना) के स्थानीय पुलिस अधिकारियों पर है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि शव परीक्षण करने वाले डॉक्टरों पर भी दबाव और प्रभाव था। आगे उन्होंने कहा कि हम यह देखने के लिए विवश हैं कि हिरासत में यातना के शिकार देवा पारधी के शरीर पर बड़ी संख्या में चोटों को ध्यान में रखने के बावजूद, उसके शरीर का पोस्टमार्टम करने वाले मेडिकल बोर्ड के सदस्य मौत के कारण के बारे में कोई राय व्यक्त करने में विफल रहे।

## सांसद ने छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा में विकास कार्यो के लिए दिए 13 लाख

**छंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा में अपनी सांसद निधि से विकास कार्यो के लिए 13 लाख की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से बड़चिचोली में सामुदायिक भवन एवं छिंदवाड़ा मे रंगमंच का निर्माण किया जायेगा।उल्लेखनीय है कि सांसद बंटी विवेक साहू के पांढुर्णा प्रवास के दौरान युवा पवार समाज संगठन बड़चिचोली के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनसे मुलाकात कर सामुदायिक भवन के लिए सांसद निधि की मांग की थी। सांसद श्री साहू ने भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुनंदा जितेन्द्र डोंगरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष रजत गोरे एवं बड़चिचोली सरपंच श्रीमती भारती शेन्डे की अनुशंसा पर बड़चिचोली में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख की राशि स्वीकृत की है। उक्त राशि स्वीकृत किए जाने पर भाजपा के पदाधिकारियों एवं युवा पवार समाज संगठन बड़चिचोली के अध्यक्ष रामेश्वर हजारे और सचिव सुनील पाठे ने सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है। वहीं सांसद बंटी विवेक साहू ने भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती लीला बजोलिया की अनुशंसा पर सिविल लाईन गुरैया नाका में रंगमंच निर्माण के लिए 3 लाख की राशि सांसद निधि से स्वीकृत की है।

## असली चेहरा आया सामने शाह का बयान सेना और देश के खिलाफ, तत्काल मंत्री से बर्खास्त करना चाहिए : कांग्रेस

**आष्टा।** मध्य प्रदेश भाजपा नेता कैबिनेट मंत्री विजय शाह का कर्नल सोफिया के खिलाफ दिया गया बयान सेन और देश का अपमान है सेना के अपमान से आक्रोशित आष्टा कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नेताओं ने स्थानीय तहसील के सामने कैबिनेट मंत्री विजय शाह का पुतला जलाकर विजय शाह को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की ब्लॉक के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा और विजय शाह के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा की विजय शाह का बयान बीजेपी मोदी और आरएसएस का असली चेहरा सामने लाने वाला है विजय शाह का बयान देशद्रोह की श्रेणी में आता है जिसको हम और देश का नागरिक बर्दाश्त नहीं कर सकता जब देश का प्रत्येक नागरिक प्रत्येक राजनीतिक दल सरकार और सेना के साथ खड़े थे ऐसे समय में उनके कैबिनेट मंत्री देश की अखंडता संप्रभुता को खतरे में डालने वाला बयान देता है साथ ही देश में धर्म के आधार पर उन्माद फैलाने का कृत्य करता है उसके कृत्य पर उच्चतम न्यायालय ने स्वत संज्ञान लेते हुए मंत्री के खिलाफ कठोर टिप्पणी करते हुए 4 घंटे में एफ आई आर दर्ज करने का आदेश दिए मंत्री के खिलाफ एफ आई आर दर्ज होने के बाद भी नरेंद्र मोदी मोहन यादव और संघ प्रमुख मोहन भागवत के अंदर थोड़ी भी नैतिकता नाम की चीज नहीं बची यदि थोड़ी नैतिकता होती तो तत्काल विजय शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर देते पर भाजपा का चरित्र यह है कि वह राष्ट्रवाद का ढोंग करते हैं पर वो ना राष्ट्रवादी है और ना ही देश की सेना का सम्मान करते हैं और उनके मंत्री विजय शाह ने बेशर्मी की हद पार करते हुए उच्चतम न्यायालय द्वारा दर्ज प्रकरण के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चले गए जहां पर भी उन्हें सुप्रीम कोर्ट से भी फटकार लगाई गई और उनकी याचिका खारिज यह कहते हुए कर दी गई आपके द्वारा बोले गए शब्द बर्दाश्त नहीं किया जा सकते ऐसी स्थिति में समझ नहीं आता कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जी एवं संघ प्रमुख मोहन भागवत क्या वास्तव में भारतीय सेना का सम्मान करते हैं यदि वह भारतीय सेना का सम्मान कर रहे होते तो अब तक मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करते हुए मंत्री अब तक जेल की सलाखो के पीछे होते आज हम सब कांग्रेस जन मंत्री विजय शाह को तत्काल बर्खास्त करने की मांग करते हुए यह भी मांग करते हैं की मध्य प्रदेश की पुलिस उन्हें तत्काल गिरफ्तार करें और यदि मंत्री विजय शाह को बर्खास्त नहीं किया गया तो आने वाले समय में कांग्रेस के कार्यकर्ता और ज्यादा उग्र आंदोलन करने पर विवश हो जाएंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन एवं प्रशासन की होगी।

पूर्व जिला कांग्रेस कैलाश परमार एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी,नगर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद खान गुड्डू,ग्रामीण अध्यक्ष महेश मुंदीखेड़ी,महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान, पहलाद सिंह



खड़ी,खालिद पठान,घनश्याम जांगड़,फैज उद्दीन,शाहिद टेलर, डॉ एजाज खान,बंशीलाल बॉम्बे, नवाब बेरी,नरेंद्र कुशवाह, चेतन सेमलीबारी, प्यारे पटेल, महेश वर्मा सेवदा,राजकुमार मालवीय,कृपाल मालवीय सरपंच, महेश सुलखेड़ी, मसूद खान,आशिक मंसूरी, अखलेश राजपुत, राहुल पटरिया,चेतन भाटी,देवराज परमार, लखन सिंह बापचा,श्रीमती गीता कुशवाहा श्रीमती रीना मालवीय अकिल रामचरण श्रीमती तेज कुमार चौहान,बलवान भाटी,राजकुमार नौगांव,टोनी कोठारी, विजेंद्र पाटीदार,अशोक मंडलोई, शंकर बोडाना, नफीस शाह,बनने खा मंसूरी, रिजवान खान,नाजिम बोस, फारुख पटेल,इजराइल मंसूरी, कृपाल मालवीय,अनार सिंह रामचरण आदि मौजूद रहे।

## इंदौर में मेट्रो रेलकर्मियों ने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए, एक गिरफ्तार



**भोपाल।** इंदौर के गांधी नगर क्षेत्र में मेट्रो प्रोजेक्ट के एक कर्मचारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की और 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाए। ये भी कहा कि पूरा भारत एक रात में साफ। एक आरोपी युवक की पहचान मोहम्मद जावेद पिता किताब अंसारी के रूप में हुई है। उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामले में श्री राजपूत करणी सेना की शिकायत पर गांधी नगर थाना पुलिस ने देश विरोधी गतिविधियों और पीएम पर अभद्र टिप्पणी करने को लेकर एफआईआर दर्ज की है। घटनाक्रम गुरुवार रात का बताया जा रहा है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में किचन में बैठे दो युवक नजर आ रहे हैं। इनमें से एक खाना बना रहा है और दूसरा तरबूज काट रहा है। एक युवक पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाता है, इसके बाद दूसरा युवक कहता है – भारत को एक रात में साफ कर देंगे। इसके बाद दोनों हंसने लगते हैं। तीसरा युवक वीडियो बना रहा था। गुरुवार को श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश संगठन महामंत्री दिग्विजय सिंह ने थाने में शिकायत दी थी, जिसमें एक वीडियो के जरिए बताया गया कि जावेद ने पीएम मोदी को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया और पाकिस्तान समर्थित नारे लगाए थे। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जन आक्रोश भी देखने को मिला। गांधी नगर पुलिस ने करणी सेना की शिकायत पर जावेद और उसके एक साथी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो की सत्यता की जांच की जा रही है। आरोपी से पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस नेताओं ने मंत्री शाह को बर्खास्त करने के लिए राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**भोपाल।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए बयान को लेकर मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह को बर्खास्त करने की मांग के साथ कांग्रेस नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राज्यपाल मंगूभाई पटेल से मुलाकात की। उन्हें ज्ञापन सौंपकर राज्यपाल से मुलाकात के बाद नेताओं ने राजभवन के बाहर प्रदर्शन भी किया। इस दौरान मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा– विजय शाह ने सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ़ अभद्र टिप्पणी की लेकिन सरकार ने अभी तक कोई फ़ैसला नहीं लिया है। हम उनका इस्तीफ़ा चाहते हैं। क्या भाजपा सेना से बड़ी है? मैं प्रधानमंत्री मोदी से कहना चाहता हूं कि इस पर तुरंत फ़ैसला लिया जाए। मैं अमित शाह और मुख्यमंत्री से पूछना चाहता हूं कि वे सब चुप क्यों हैं? हमने राज्यपाल से आग्रह किया कि अगर कोई इस तरह की अपमानजनक टिप्पणी करता है तो उन्हें तुरंत कार्रवाई करने का अधिकार है। जब तक उन्हें बर्खास्त नहीं किया जाता, हम यहां विरोध प्रदर्शन करते रहेंगे। राज्यपाल से मुलाकात के बाद कांग्रेस विधायक काले कपड़े पहन धरने पर बैठ गए। उन्होंने कहा कि वह जब तक विरोध करते रहेंगे जब तक की विजय शाह को बर्खास्त नहीं किया जाता।







### राजभवन के बाहर धरने पर बैठे कांग्रेसी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों का प्रतिनिधिमंडल आज राज्यपाल से मिला। मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने की मांग की। इसके बाद कांग्रेसी विधायक काले कपड़ों में राजभवन के बाहर धरने पर बैठ गए। कुछ देर बाद राज भवन के बाहर धरना दे रहे कांग्रेस विधायकों को पुलिस ने जबरन उठा दिया। कई विधायकों के हाथ-पैर पड़कर पुलिस ने बस में भरा और सारे विधायकों को गिरफ्तार कर ले गई।



महापौर मालती राय ने मध्य प्रदेश सरकार ने दी नगर निगम भोपाल को प्रवेश द्वारों की सौगात इसके अंतर्गत आज होशंगाबाद रोड समरधा जोड़ पर प्रवस्तवित प्रवेश द्वार का 18 मई को माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के कर कमलों द्वारा भूमि पूजन है आज प्रवेश द्वार स्थल का निरीक्षण किया इस अवसर पर विधायक श्री रामेश्वर शर्मा जी, निगम आयुक्त श्री हरेंद्र नारायण, अपर आयुक्त श्री देवेंद्र चौहान, अपर आयुक्त श्री वरुण अवस्थी,अपर आयुक्त सुश्री टीना यादव, कार्यपालन यंत्री श्री प्रमोद मालवीय एवं पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## चित्रगुप्त नगर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण



आज नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी जी ने चित्रगुप्त नगर क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीने के पानी की पाइपलाइन एवं सीवेज लाइन को हुए नुकसान पर उन्होंने ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि पाइपलाइन की मरम्मत तुरंत की जाए, ऐसी लापरवाही भविष्य में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद उन्होंने जल आपूर्ति व्यवस्था की स्थिति का जायज़ा लिया और विशेष रूप से डैमेज पाइपलाइन की मरम्मत हेतु अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्रवासियों को जल संकट का सामना न करना पड़े।

## मंत्री विजय शाह के खिलाफ कोटा में हुआ प्रदर्शन

**कोटा।** मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई अभद्र टिप्पणी ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। इस बयान के विरोध में राजस्थान के कोटा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने विजय शाह की जुबान को प्रतीकात्मक रूप से वाइपर से साफ करने का अनोखा तरीका अपनाया और उनके मंत्रिमंडल से बर्खास्तगी की मांग की। यह प्रदर्शन देशभर में चर्चा का विषय बन गया है। कोटा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कर्नल सोफिया कुरैशी के अपमान को देश का अपमान बताया। उन्होंने विजय शाह के खिलाफ नारेबाजी की और सड़कों पर उतरकर विरोध जताया। प्रदर्शन का तरीका अनोखा था, जिसमें कार्यकर्ताओं ने वाइपर का इस्तेमाल कर प्रतीकात्मक रूप से शाह के बयान को साफ करने की कोशिश की। यह विरोध कर्नल सोफिया के सम्मान और भारतीय सेना की गरिमा को समर्पित था।



## विजय शाह के बचाव में केंद्रीय मंत्री का बयान कहा-माफी मांग ली, मंशा अपमान की नहीं थी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह के विवादित बयान के बाद सियासी हलचल जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को जनजातीय कार्य मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके खंडवा दौरे पर पहुंचे। यहां मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने मंत्री शाह के बयान पर पहली प्रतिक्रिया दी। इस दौरान वे मंत्री शाह का बचाव करते नजर आए। जब पत्रकारों ने उनसे विजय शाह के बयान को लेकर सवाल किया, तो शुरुआत में उईके ने मामले को संगठन के विवेक पर छोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि मामला सीनियर नेताओं के बीच विचाराधीन है, थोड़ा इंतजार कीजिए।



